## गुरुकुल कांड के बाद बच्चों की सुरक्षा के लिए अमर उजाला के संवाद कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों ने रखे विचार

# अपने बच्चों के दोस्त बनकर बुराई से बचाएं अभिभावक, शिक्षक भी समझें जिम्मेदारी

अमर उजाला संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। गुरुकुल कांड के बाद शिक्षा के मंदिरों में बच्चों की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग गया है। अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है कि आखिर स्कूलों और गुरुकुलों में उनका बच्चा सुरक्षित है भी या नहीं। सवाल उठ रहे हैं कि अपने लाल की सुरक्षा किस तरह सुनिश्चित की जाए। इन्हीं सवालों और चिंताओं पर अमर उजाला ने आईएमटी स्थित कार्यालय में वीरवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस मौके पर स्कूल संचालक, पूर्व प्रिंसिपल, मोटीवेशनल स्पीकर, समाजसेवी, एजुकेशनिस्ट शामिल हुए। जहां निष्कर्ष यह निकला कि इन हालातों में अभिभावकों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। भाग दौड़ भरी जिंदगी में बच्चों को सुविधाएं देकर अभिभावकों का अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेना, यह समझना गलत है। बेहतर है कि बच्चों के दोस्त बनें क्योंकि बच्चा माता-पिता पर जितना विश्वास रखता है उतना किसी और पर नहीं। अभिभावकों के साथ ही शिक्षकों को भी अपनी जिम्मेदारी और बेहतर तरह निभानी होगी। अमर उजाला ने संवाद के जरिए लोगों से इस ज्वलंत मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखी और सुझाव भी दिए।




बच्चों के यौन उत्पीड़न मामले में अमर उजाला कार्यालय में हुए संवाद कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए समाज के बुद्धिजीवी। *अमर उजाला*



देश में सेक्सुअल हैरासमेंट का आंकड़ा 53 प्रतिशत है। ऐसे में शोषण भी हर जगह है। यह अलार्मिंग सिचुएशन है। बच्चा किसे, क्या और क्यों बताए, यह बड़ा सवाल है। इस बारे में बच्चों को बताने की जरूरत है। छोटे बच्चों को गुड टच बेड टच की जानकारी दी जानी चाहिए। बच्चे यह सब कहां सीख रहे हैं, इस पर ध्यान देना जरूरी है। सोसायटी ही हमें सिखाती है। इसलिए बच्चे सभी की साझी जिम्मेदारी बनती है। अभिभावक बच्चों पर ध्यान दें।

**विपुल शर्मा, शिक्षाविद**



कानून सख्त हों। इन्हें सख्ती से लागू भी किया जाए। इससे दूसरों को सबक मिलेगा। बच्चों की सुरक्षा के लिए समय रहते समस्या का पता लगना जरूरी है। इसके लिए अभिभावकों व बच्चों के बीच संवाद जरूरी है। बच्चों को संस्कार दें। ये परिवार से ही मिलेंगे। नियम व कानून से ज्यादा नैतिकता देना जरूरी है। इसी से माहौल बदलेगा। बच्चों में विश्वास आने से ही वे अपने साथ होने वाली घटना के बारे में खुलकर बता सकेंगे। तभी हमारी जीत है। **जय पराशर, जागरूक युवा, बलियाना**



बच्चों के साथ हो रही उत्पीड़न की घटनाएं सोचने पर मजबूर करती हैं। सुरक्षा के लिहाज से बचाव जरूरी है। परिवार यह समझें बच्चों को मोबाइल क्यों दें। वे अपनी बला न टालें। बच्चा जिद करता है तो उसे पूरा करने के बजाय समझाएं। किसी चीज के फायदे-नुकसान से उसे अवगत कराएं। अभिभावक बच्चों को समय दें। उनकी सोच को परिपक्व बनने दे। इस काम में उनकी मदद करें। हम सबकुछ गुगल से न पूछें। कुछ खुद भी बच्चों को बताएं व समझाएं। **डॉ. देवेंद्र देशवाल, चेयरमैन, सर्वोदय फाउंडेशन**



बच्चों को मोबाइल, लेपटाप व दूसरी सुविधाएं तो हम मुहैया करा देते हैं, मगर समय नहीं दे पाते हैं। इस कारण बच्चे धीरे-धीरे अभिभावकों से अलग हो जाते हैं। इसका परिणाम किसी गुरुकुल या किसी स्कूल में बच्चे के साथ दर्दनाक व झकझोर देने वाली घटना के रूप में सामने आता है। सिस्टम की व्यवस्था भी फेल है। न तो नियम-कानून सख्ती से लागू हो पा रहे हैं न पीड़ित को न्याय मिल पाता है।

**प्रवीण सहगल, सदस्य, सुभाष नगर आरडब्ल्यूए**



बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी की है। इसमें अभिभावकों की जिम्मेदारी ज्यादा है। सख्त कानून के साथ ही प्रिवेंशन और अवेयरनेस बहुत जरूरी है। सामाजिक की जागरूकता के साथ ही सख्त कानून और मॉनीटरिंग से एक सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सकता है। गुरुकुल कांड सिस्टम का फेलियर है, इसलिए हमें एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी।

**सुशील मेहरा, समन्वयक, चाइल्ड हेल्प लाइन**



बच्चे के लिए किसी को जिम्मेदार ठहराना गलत है। यह जिम्मेदारी सबकी साझी है। पेरेंट्स ज्यादा जिम्मेदार हैं। यही पहले शिक्षक होते हैं। वे क्या करते हैं, क्या कहते हैं, कैसा व्यवहार करते हैं, बच्चे उन्हीं से सीखते हैं। कानून के साथ आब्जर्वेशन के लिए कमेटियां जरूरी हैं। समाज की भी अपनी जिम्मेदारी है। बच्चों के साथ कुछ गलत होता है तो यह सिस्टम का फेलियर है।

**सम्राट, कार्यक्रम अधिकारी, चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन**



हास्टलों की व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है। इनका लाइसेंस सुनिश्चित किया जाए। पुलिस वेरिफिकेशन के साथ समय-समय पर जांच हो। मोबाइल व इंटरनेट का दुरुपयोग भावी पीढ़ि को गलत राह पर ले जा रहा है। इन्हें बचाने के लिए इन दोनों चीजों से दूरी बनाना जरूरी है। इनका इस्तेमाल करते समय अभिभावकों को नजर रखने की जरूरत है।

**सुंदर जेटली, रक्तदाता**



बदलते दौर में बच्चा अकेला रह गया है। माता-पिता के पास समय नहीं है। बच्चा क्या करता है। क्या सोचता है। इस पर ध्यान देने का उनके पास न समय है न जरूरत महसूस करते हैं। हमारा बच्चा किसी दूसरे के बजाय हमारी जिम्मेदारी है। घर पहली कक्षा है। यहीं से उसे सिखाना होगा। हालात शिक्षक, डॉक्टर व मनोवैज्ञानिकों के लिए चुनौती पूर्ण हैं। ऐसे में पैरेंटिंग को समझना जरूरी है।

**डॉ. वीपी श्योराण, सेवानिवृत्त प्राचार्य**



हमें और संवेदनशील होना पड़ेगा। विद्यार्थी स्कूल में अपने प्रिंसिपल या डायरेक्टर से अपनी बात कह सकें, ऐसा माहौल देना होगा। इस भावुक जनरेशन के रास्ते में हमने ही बैरियर खड़े कर रखे हैं। शिक्षक को अपने विद्यार्थियों का विश्वास जीतना होगा। अपराध हर जगह हैं। ऐसे में बच्चों पर ध्यान देना जरूरी बन जाता है। घर परिवार की जिम्मेदारी के साथ शिक्षक को भी ध्यान देना चाहिए।

**राजेश आर्य, शिक्षाविद**



सुरक्षा से बचाव भला है। इसके लिए बच्चों से दूरी नहीं, उनके पास आना होगा। घर के बड़े उनके साथ बैठ कर बात करें। पहले शिक्षक माता-पिता हाते हैं। वे अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएं तो आधी समस्या का समाधान हो जाता है। कानून बनाना बड़ी बात नहीं है। उसे लागू भी करना चाहिए।

**अंशुल पठानिया, शिक्षाविद**



अपने बच्चों व घर के साथ आस-पड़ोस पर भी नजर रखना जरूरी है। गली में कोई कुछ गलत कर रहा है तो उसे टोंकें। मोबाइल व लेपटाप में बच्चा दिन भर क्या करता है, इस पर नजर रखना बेहतर है। टीवी सबकुछ परोस रहा है। इससे हमें क्या चाहिए, यह तय करना होगा।

**उमेद सिंह, समाज सेवी**

Scanned with CamScanner

सौगात

हाईस्कूल की छात्रा वर्षा के घर में नहीं था शौचालय, पड़ोस में रहने वाले मुंह बोले भाई ने पूरा किया वादा

# चुलियाना में बहन को रक्षाबंधन का तोहफा, शौचालय के लिए दिया चेक

महबूब अली

**रोहतक।** चुलियाना गांव निवासी ग्रेजुएशन कर रहे सोमवीर शर्मा ने रक्षाबंधन पर अपनी मुंह बोली बहन को शौचालय का तोहफा दिया। सोमवीर ने इस बार रक्षाबंधन से पूर्व मुंह बोली बहन से घर में शौचालय बनवाने का वादा किया था।

गांव निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह ऑटो चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। उसके परिवार में उसके अलावा बेटा भूपेंदर, आशु, सूरज और बेटी वर्षा है। भूपेंद्र कक्षा 9, आशु कक्षा 6, सूरज कक्षा 5 और वर्षा हाईस्कूल में पढ़ती है। गांव निवासी सोमवीर शर्मा उनकी बेटी वर्षा को



चुलियाना में मुंह बोली बहन को शौचालय के लिए चेक देता सोमबीर शर्मा।

बहन मानता है। हर रक्षाबंधन पर वर्षा उसे राखी बांधती है। परिवार तंगहाली के चलते शौचालय नहीं बनवा पा रहा था, सभी को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था। सोमबीर ने वर्षा से रक्षाबंधन से पूर्व शौचालय बनवाने का वादा किया था।

जिस पर सोमवीर ने वीरवार को शौचालय बनाने के लिए बेटी को छह हजार रुपये का चेक दिया। रक्षाबंधन से पहले ही शौचालय का निर्माण भी शुरू हो जाएगा।

मां दानो देवी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन तस्वीर सिंह हुड्डा ने बताया कि सोमबीर को इस काम के लिए सम्मानित किया जाएगा।

*सोमवीर शर्मा से सभी को सीख लेनी चाहिए। मुंह बोली बहन के लिए शौचालय बनवाना सराहनीय कार्य है। प्रशासन भी जिन घरों में शौचालय नहीं है, वहां शौचालय बनाने का काम कर रहा है।*

*- डॉ. यश गर्ग, उपायुक्त रोहतक*

*इस बार मैंने बहन वर्षा को रक्षाबंधन पर उपहार के तौर पर शौचालय दिया है, बहन का खुले में जाना ठीक नहीं है। आस पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करूंगा कि जिन घरों में शौचालय नहीं है, वहां शौचालय का निर्माण कराने में मदद करें। इस काम में उनका सहयोग पिता पिता लालचंद, बहन मोन्किा और रितु ने किया।*

*- सोमवीर*

Scanned with CamScanner

# खुद की पढ़ाई छूटी तो बेसहारा बच्चों के एडमिशन को बनाया मिशन

## प्रत्येक सप्ताह गरीबों को वितरण कराते हैं कपड़े, चुलियाना गांव के सोमबीर शर्मा लोगों को दे रहे सीख

**महबूब अली**

**खास खबर**

**रोहतक।** तंगहाली से पढ़ाई छूटी तो चुलियाना गांव के सोमबीर शर्मा ने बेसहारा बच्चों की मदद को ही अपना मिशन बना लिया। वे न सिर्फ बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि प्रत्येक सप्ताह हरियाणा और दिल्ली में गरीब बच्चों व लोगों को कपड़े वितरित करते हैं। स्कूल न जाने वाले बच्चों का भी गांव वाइज सर्वे कराया जा रहा है।



चुलियाना में बेसहारा बच्चों को कपड़े वितरित कराते सोमबीर शर्मा।

चुलियाना गांव निवासी सोमबीर शर्मा ने बताया कि उनके पिता लालचंद शर्मा किसान हैं। वर्ष 2012 में उन्होंने इंटर की परीक्षा पास करने के बाद बीए में दाखिला लिया, लेकिन पारिवारिक स्थिति कमजोर होने के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। इसके बाद वह प्राइवेट नौकरी करने लगे। इसके साथ ही पिता का खेतीबाड़ी में भी सहयोग करते हैं। इसके बाद उन्होंने ठान लिया कि वे गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करेंगे। इसके लिए उन्होंने व्हाट्सएप और फेसबुक पर लोगों से अपने पुराने कपड़े देने की अपील की। ताकि वह हर सप्ताह बस्तियों में जाकर बच्चों और गरीब लोगों को कपड़ों का वितरण कर सकें। वर्ष 2013 से वे यह काम कर रहे हैं। प्रत्येक रविवार को गरीबों को कपड़ों का वितरण किया जाता है। पिछले साल ही उन्होंने श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट बनाया, जिसके वह चेयरमैन हैं।

### जो बच्चे स्कूल नहीं जाते थे, उनका दाखिला कराया

सोमबीर शर्मा ने बताया कि जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं। ऐसे बच्चों का सर्वे कराकर उन्हें नजदीकी सरकारी स्कूल में दाखिला दिलवाने में सहयोग भी किया है। अब तक पचास से अधिक बच्चों का दाखिला करा चुके हैं। जिनमें चुलियाना गांव में ही लखीमपुर खीरी निवासी प्रियंका, शिवानी, कुलदीप, दीपक, प्रीति, अंजू, मोहित, सुंदरी, शानी को सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाया, जबकि ट्रस्ट के अन्य सदस्यों की सहायता से 20 बच्चों को जल्द ही दाखिला दिलाया जाएगा। सोमबीर शर्मा को इस नेक कार्य के लिए कई सामाजिक संगठन सम्मानित भी कर चुके हैं।

**श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन भी हैं, दिल्ली व हरियाणा में बेसहारा बच्चों की करते हैं मदद**

**लोगों से जुटाए कपड़ों को गरीबों तक पहुंचाने को समझते हैं अपना धर्म**



जब तक शरीर में जान रहेगी, बेसहारा की मदद जारी रहेगी। पिता और मां का भी मदद करने में पूरा सहयोग मिलता है। हरियाणा और दिल्ली दो स्थानों पर गरीबों की मदद की जा रही है। बेसहारा की मदद करने में जो शांति मिलती है, उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है।

**-सोमबीर शर्मा, चेयरमैन, श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट**

सोमबीर शर्मा जैसे युवाओं से अन्य को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। वह प्रत्येक सप्ताह बेसहारा बच्चों को कपड़ों का वितरण कर मिसाल कायम कर रहे हैं। हर किसी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

**-तसबीर सिंह हुड्डा, चेयरमैन, मां दानो देवी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट**

Scanned with CamScanner

# हादसे रोकने की पहल, बांटेंगे हेलमेट

**अमर उजाला ब्यूरो**



ट्रस्ट के पदाधिकारी टीएसआई गुरदेव से बातचीत करते हुए।

**रोहतक।** मानसरोवर पार्क के पास हेलमेट का इस्तेमाल न करने के कारण चाचा के सड़क हादसे में घायल होने के बाद अन्य को बचाने के उद्देश्य से चुलियाणा गांव निवासी श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर ने नई पहल की शुरुआत की है। जल्द ही सोमबीर पुलिस विभाग के साथ मिलकर बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने वालों को निशुल्क हेलमेट का वितरण करेंगे। साथ ही लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक भी करेंगे।

चुलियाणा गांव निवासी सोमवीर शर्मा लोगों को निशुल्क हेलमेट बांटेंगे। सोमबीर ने बताया कि दो माह पूर्व उनके चाचा राजू बाइक से रोहतक आ रहे थे। जैसे ही मान सरोवर पार्क के पास पहुंचे तो कार ने टक्कर मार दी। हेलमेट न लगाने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमबीर ने बताया कि इस हादसे से वह काफी प्रभावित हुए। बिना हेलमेट के अन्य लोग हादसे का शिकार न हों, इसके लिए उन्होंने लोगों को निशुल्क हेलमेट का वितरण और यातायात नियम के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया। इसको लेकर सोमबीर और ट्रस्ट के पदाधिकारी टीएसआई गुरदेव और अन्य अधिकारी से मिले। वार्ता के बाद अभियान को हरी झंडी दी गई। सोमबीर ने बताया कि जल्द ही पुलिस के साथ मिलकर करीब दस हजार हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को निशुल्क वितरित करेंगे।

> श्री नारायणी सेना ट्रस्ट की पहल सराहनीय है। सोमबीर पुलिस के साथ मिलकर लोगों को निशुल्क हेलमेट बांटेंगे। वहीं गोष्ठी और जागरुकता अभियान से लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों के निर्देश पर जल्द ही अभियान को शुरू कराया जा रहा है। – गुरदेव सिंह, टीएसआई

Scanned with CamScanner

# बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों की सोशल मीडिया के जरिये शिकायत

## ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों और लोगों के फोटो पुलिस की साइट, सोशल मीडिया और अधिकारियों के पास डाल कसवा रहे शिकंजा

महबूब अली

**रोहतक।** अब आम लोग जहां ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक हो रहे हैं, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी सोशल मीडिया और पुलिस अधिकारियों के पास फोटो भेजकर शिकंजा कसवा रहे हैं। दो माह में लोगों ने दस से अधिक शिकायत पुलिस और सोशल मीडिया पर भेजकर शिकंजा कसवाया है। पुलिस के अनुसार पिछले दो माह में दस से अधिक लोगों ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के फोटो एसपी, डीएसपी के अलावा पुलिस की साइड पर डालकर कार्रवाई कराई है। पुलिस भी लोगों को इसी तरह से सहयोग करने की अपील कर रही है।

**दो बुलेट की जा चुकी सीज :** एसपी के अनुसार सोशल मीडिया पर शिकायत मिलने के बाद दो बुलेट को भी सीज किया जा चुका है। दरअसल, बुलेट सवार पटाखा छोड़कर लोगों को परेशान कर रहे थे। इसके अलावा अन्य भी बीस से अधिक ऐसे लोग चिन्हित कर चुके हैं।

**अलग से टीम का किया गठन :** एसपी ने बताया कि सोशल मीडिया या फिर उनके व्हाट्सएप पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की जांच के लिए अलग से टीम का गठन कर दिया गया है। टीम के सदस्य तुरंत ही आरोपी का पता लगाकर जांच के बाद कार्रवाई कराते हैं।

**केस - 1**

पंद्रह दिन पूर्व ही सांघी निवासी रमेश ने एसपी के पर्सनल व्हाट्सएप पर दो युवतियों द्वारा बगैर हेलमेट लगाए स्कूटी चलाने का फोटो डाला। एसपी ने तुरंत ही ट्रैफिक पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर स्कूटी मालिक का पता लगाकर चालान किया गया। भविष्य में नियमों का उल्लंघन न करने की भी हिदायत दी गई।




**केस - 2**

दस दिन पूर्व ही छात्रा ने तीन युवकों के पीजीआई के सामने बाइक पर बिना हेलमेट सवार तीन युवकों के फोटो रोहतक पुलिस के फेसबुक एकाउंट पर डाले। जांच के बाद पुलिस ने बाइक का चालान किया।

**केस - 3**

श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा ने दो दिन पूर्व ही डीएसपी डॉ. रविंद्र के व्हाट्सएप पर महिला कांस्टेबल द्वारा सोनीपत रोड पर बगैर हेलमेट के स्कूटी चलाते फोटो भेजी। डीएसपी ने तुरंत ही कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।






पिछले कुछ समय से देखने में आया है कि लोग ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक हुए हैं। खुद ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के फोटो भी सोशल मीडिया से लेकर पुलिस को भेज रहे हैं। अब तक दस से अधिक प्राप्त हुई शिकायतों पर कार्रवाई की जा चुकी है। दो पुलिसकर्मियों की बाइक के भी ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर चालान किए गए।

**-जशनदीप सिंह रंधावा, एसपी**

Scanned with CamScanner

किसी भी कार्यक्रम की फोटो और जानकारी व्हाट्सएप पर भेजें : 7617566173 • ईमेल करें : roh-cityreporter@roh.amarujala.com
सोमवार • 11.03.2019
amarujala.com

# श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट ने बांटे कपड़े



रोहतक। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से रविवार को वस्त्रदान अभियान चलाया गया। गांव खरावड़ में वस्त्र वितरित किए गए। गांव में भट्ठे पर रहने वाले जरूरतमंदों में कपड़े और मिठाइयां बांटी गई। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमबीर शर्मा, मनदीप राठी, विकास शर्मा, पूनम शर्मा और कृष्ण शर्मा मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner



# विपुल बने चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रवक्ता

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट ने मोटिवेशनल स्पीकर विपुल शर्मा को ट्रस्ट का राष्ट्रीय सलाहकार एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि विपुल शर्मा की नियुक्ति ट्रस्ट के कार्यालय में नियुक्ति पत्र देकर की गई। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने विपुल शर्मा का फू ल मालाएं पहनाकर बधाई दी।

Scanned with CamScanner



सोशल मीडिया पर भी जमकर प्रतिक्रिया, छाया रहा राम रहीम प्रकरण

लिखा- राम रहीम को दोषी करार तो दे दिया, फांसी कब मिलेगी

कोई बोला आज हुई सत्य की जीत तो किसी ने कहा आज ही हो जानी चाहिए थी सजा





रामरहीम को लेकर फेसबुक पर डाली गई पोस्ट।



राम रहीम की पेशी के दौरान जेल के पास नाके पर पहुंचे महम के एसडीएम दलबीर फोगाट व अन्य।

## बंदियों और कैदियों की नहीं हो सकी पेशी

रोहतक। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में राम रहीम को दोषी करार देने के बाद सोशल मीडिया पर भी कमेंट्स का सिलसिला चालू हो गया। अपनी टिप्पणियों में अधिकतर लोगों ने राम रहीम को दोषी करार देना सही बताया। फेसबुक और व्हाट्सएप पर दिनभर इसको लेकर लोगों ने अपने विचार रखे। वैसे तो शुक्रवार की सुबह से ही राम रहीम को लेकर सोशल मीडिया पर संदेश भेजने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोषी करार देते ही फेसबुक पर लोगों ने तरह - तरह की पोस्ट डालनी शुरू कर दी। चलियाना के सोमबीर ने फेसबुक पर पोस्ट डालते हुए कहा कि आज एक बार फिर से सत्य की जीत हुई। साध्वियों से बलात्कार की सजा भुगत रहे राम रहीम को रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में दोषी करार दिया गया। न्याय सभी के लिए एक जैसा होता है, सभी को इसके लिए बधाई।

र

दोपहर करीब दो बजे पर एक युवक पहुंच की बात करने लगा। का हवाला देते हुए र युवक पुलिस से के बदले पुलिस को पुलिस ने युवक को ही छोड़कर चला । युवक किस बंदी ने मोबाइल में राम किया मगर उसका

### सोशल मीडिया पर कुछ इस तरह दीं लोगों ने प्रतिक्रियाएं

मनीषा ने फेसबुक पर पोस्ट डालते हुए कहा कि बलात्कारी राम रहीम को रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में दोषी करार दिया गया, सत्यमेव जयते।

मनोज ने कहा कि रामचंद्र ने सच्चाई को उठाया था। इसी कारण उसकी हत्या कराई गई। राम रहीम और अन्य आरोपियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

गोहाना रोड की रितिका ने कहा कि राम रहीम को कम से कम फांसी की सजा होनी चाहिए। ताकि अन्य बाबाओं को भी इससे सबक मिल सके।

रोहतक के सुनील ने पोस्ट डाली कि पहले ही राम रहीम को कम से कम फांसी की सजा मिलनी चाहिए थी। देर से ही सही रामचंद्र छत्रपति को न्याय जरूर मिलेगा।

*संजय ने कहा कि साध्वियों से दुष्कर्म की सजा के समय ही पत्रकार हत्याकांड में भी सजा मिलनी चाहिए थी।*

Scanned with CamScanner

# पिता और गुरुओं से सीख लेकर प्रदेशभर में जरुरतमंदों को कपड़े-जूते बांट रहे छात्र, व्यापारी और नौकरीपेशा

महबूब अली

रोहतक। भले ही आज के समय में कुछ लोग मामूली सी बातों पर अपनों का ही खून बहाने पर उतारू हो रहे हों। पर ऐसे भी लोगों की कमी नहीं है, जो दूसरों के लिए कोई न कोई ऐसा कार्य कर जाते हैं, जिन्हें लोग जिंदगी भर भुला नहीं पाते। ऐसे ही पांच शख्स हैं कलानौर के किरयाणा व्यापारी दीपक मित्तल, नौकरीपेशा सोमबीर, मंदीप, रिंकू और सुनील। पांचों पिछले 15 साल से जरूरतमंदों को प्रदेशभर के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क कपड़ों से लेकर जूतों और खाद्य सामग्री का वितरण कर रहे हैं। इसके लिए इन्हें सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है।

कलानौर निवासी दीपक ने बताया कि पिता सुरेंद्र मित्तल से सीख लेकर वह रोहतक के अलावा कलानौर, सोनीपत, पानीपत, कैथल, फतेहाबाद में ईंट भट्ठों और अन्य स्थानों पर जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, जूतों एवं खाद्य सामग्री का वितरण करते हैं। इसके अलावा चुलियाणा गांव के रहने वाले श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा, खिड़वाली निवासी नौकरीपेशा मंदीप कुमार, रिंकू व जिंदराण निवासी सुनील कई क्षेत्रों में गरीबों को कपड़ों से लेकर खाद्य सामग्री का वितरण कर रहे हैं। रिंकू बीए द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। इसके लिए चारों को मां दानो देवी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट की ओर से सम्मानित भी किया जा चुका है।


कपड़ों का वितरण करते नौकरीपेशा और छात्र।


लोगों को कपड़े वितरित करते सोमबीर शर्मा।

## कॉल पर कपड़े लेने पहुंच जाते हैं चारों


कलानौर में जरुरतमंदों को कपड़ों का वितरण करते व्यापारी दीपक मित्तल।

सोमबीर ने बताया कि जिस भी स्थान पर उन्हें कोई रिटायर्ड कपड़े देने के लिए कॉल करता है। वह लेने के लिए दौड़ पड़ते हैं। इसके लिए फेसबुक, ट्विटर पर भी उन्होंने अपने मोबाइल नंबर शेयर किए हुए हैं। इसके अलावा परिजन भी उन्हें कपड़ों को खरीदने में सहयोग करते हैं। चारों ने गुरु से सीख लेकर इस तरह की मुहिम चलाने की बात कही है।

Scanned with CamScanner

पहल

मामा के लड़के की सड़क हादसे में मौत हुई तो श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के मंडल अध्यक्ष ने उठाया लोगों को जागरूक करने का बीड़ा

# मैसेज भेज कर रहे अपील, घायलों का वीडियो बनाने के बजाय पहुंचाएं अस्पताल

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। बोहर गांव के पास मामा के लड़के की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद खिड़वाली गांव के श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के मंडल अध्यक्ष ने लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठा लिया।


हादसे के बाद घायलों का फोटो खींचने या फिर वीडियो बनाने के बजाय उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने या फिर एंबुलेंस उपलब्ध कराने के लिए तुरंत कॉल करने की अपील की जा रही है। प्रतिदिन मैसेज और व्हाट्सएप, फे सबुक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। खिड़वाली गांव के मनदीप कुमार श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के मंडल अध्यक्ष हैं। पंचकूला में प्राइवेट नौकरी करते हैं। पिछले करीब तीन माह से वह लोगों के पास मैसेज, व्हाट्सएप, और फेसबुक पर मैसेज भेजकर जागरूक कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि सड़क हादसे में घायल की फोटो खींचने या फिर वीडियो बनाने के बजाय घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाना चाहिए। यदि अस्पताल भी न पहुंचा सको तो कम से कम दो मिनट निकालकर एक कॉल कर एंबुलेंस को जरूर बुलानी चाहिए। अब तक 50 हजार से अधिक लोगों के पास मैसेज भेजकर इस तरह की अपील की जा चुकी है।

**50000**

**से अधिक लोगों को भेज चुका मैसेज, पुलिस के साथ मिलकर भी जल्द करेगा जागरूक**



मनदीप राठी।



भेजा गया मैसेज।

## समय पर अस्पताल पहुंचाते तो शायद बच जाती जान

मनदीप ने बताया कि तीन माह पूर्व ही बोहर गांव निवासी उसके मामा का लड़का जगबीर साइकिल पर सवार होकर रोहतक से बोहर के लिए जा रहा था। इसी बीच उसे कैंटर ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मनदीप का कहना है कि जगबीर को अस्पताल पहुंचाने के बजाय कुछ लोग वीडियो बनाने में लगे हुए थे और उसे समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका था। यदि समय रहते घायल जगबीर को अस्पताल पहुंचा देते तो शायद उसकी जान बच सकती थी। उसके मामा के लड़के की मौत के बाद ही उसने लोगों को मैसेज भेजकर जागरूक करने का बीड़ा उठाया। अब वह लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

## पिता हैं रिटायर्ड फौजी

मनदीप ने बताया कि उसके परिवार में पिता के अलावा मां नीरज देवी, भाई संदीप, रिंकू राठी भी है। पिता फौज से रिटायर्ड हैं, जबकि भाई प्राइवेट नौकरी करता है। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा ने बताया कि मनदीप से सीख लेकर अन्य लोग भी अब लोगों के पास मेसेज कर सड़क हादसे में घायल को अस्पताल पहुंचाने की अपील कर रहे हैं।

Scanned with CamScanner

# चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों को खिलाया खाना

**रोहतक।** श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को खरावड़ के ईंट भट्ठे पर 120 बच्चों को खाना बांटा। मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा, मंदीप राठी, विजय शर्मा, विकास कुमार आदि शामिल रहे।



Scanned with CamScanner

छानबीन शुरू कर दी थी।

देखते रोहित ने उसके भाई को दबोच लिया और मंजीत ने उसे चाकू मार दिया।

भेजा हुआ था। मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था।

रैनकपुरा निवासी कुलबीर उर्फ भौंदा से हुई थी। सुबह कर्मबीर भैय्यापुर के खेतों में जयभगवान की लाश मिली थी।

## मंत्री ने लिया संज्ञान, अब प्रवासी श्रमिकों के 11 बच्चे जाएंगे स्कूल

# कृषि मंत्री ने चुलियाणा स्कूल में बच्चों को दाखिला दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गर्मी में अगर वे बच्चे जिनकी उम्र स्कूल में पढ़ने और मस्ती करनी हो और वे फसल कटाई करें तो किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की रूह कांप उठे। ऐसी घटना चुलियाना गांव के सोमवीर पुत्र लालचंद शर्मा ने बीते 12 मार्च को खेतों में देखा तो उनका मन जाग उठा और कृषि मंत्री ओपी धनखड़ को सोशल मीडिया से घटना का सिलसिलेवार ब्योरा भेजा। मंत्री ने गंभीरता को समझा व सभी 11 बच्चों के दाखिले स्कूल में कराने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जारी किए, हालांकि प्रक्रिया में दो महीने जरूर लग गए, लेकिन बच्चों को भविष्य में उम्मीद बन गई है।

### फेसबुक से सूचना

सोमवीर ने मंत्री को फेसबुक से मैसेज किया कि वह सरकार से इनके लिए सहायता चाहते हैं। साथ ही उन्होंने फोटो और वीडियो भी प्रेषित किया। इस पुण्य के काम में उन्होंने नवदीप दहिया और जतिन धनखड़ को भी टैग किया। मंत्री ने नवदीप दहिया की इस मामले में ड्यूटी लगाई कि वे बच्चों का दाखिला करवाना सुनिश्चित करें।



**जरूरी सामान से मदद भी की :** प्राचार्या स्नेहलता सांगवान से इस बारे में बात की गई तो उनके स्कूल में प्रवासी मजदूरों के बच्चों को बीते मंगलवार को ही दाखिल कराया गया है। उन बच्चों को जयसिंह, संदीप व प्रवीण आदि ने ही वर्दी, स्कूल बैग व अन्य सामान की मदद भी दी है। प्राचार्या का कहना है कि उम्मीद है अभी नौ बच्चों की दाखिला प्रक्रिया पूरी हो गई है जबकि दो की प्रक्रिया जारी है। उनके आधार नंबर जुड़ने हैं।

### इनका संवरेगा भविष्य

प्रियंका पुत्री ओमबीर का पहली कक्षा में, शिवानी पुत्री ओमबीर का चौथी कक्षा में, कुलदीप पुत्र ओमबीर प्रथम कक्षा में, प्रीति पुत्री छोटे लाल का तीसरी, दीपक पुत्र छोटे लाल को दूसरी कक्षा में श्यामू पुत्र छोटे लाल का पहली कक्षा में, अंजू पुत्री राकेश कुमार का पहली कक्षा में, देवकी पुत्री राकेश को पहली कक्षा में, मोहित पुत्र राकेश पहली कक्षा में और सुंदरी पुत्री राकेश का भी पहली कक्षा में दाखिला कराया। इसके अलावा शानी पुत्र रामबीर का चौथी कक्षा में दाखिला कराया। ये सभी यूपी के लखीमपुर और बुलंदशहर के रहने वाले हैं। इनको सभी पुस्तकें व अन्य सामग्री भी आज मिल गई।

का पानी महीने दो महीने के बाद हांसी बुटाना नहर में डाल दे तो दो महीने किसानों को ज्यादा पानी मिल सकता है। इस्पात मंत्री बुधवार को गोहाना रोड स्थित कृष्णा फार्म में अभिनंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन इस्पात मंत्री द्वारा केंद्र में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलवाने के लिए किया गया था। वीरेंद्र सिंह ने कहा प्रदेश का सामाजिक ताना-बाना आपसी भाईचारे और सद्भाव की भावना पर आधारित है। इसी के फलस्वरूप विगत में भाईचारे को बिगाड़ने की कोशिश हुई, लेकिन प्रदेश के लोगों ने अपनी शक्ति, सक्षमता और ताकत के बूते प्रदेश की पहचान को कायम रखा।

### पीएम की सोच दूरगामी

पीएम ने जाट आरक्षण आन्दोलन के शांतिपूर्ण निपटान के लिए सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान कर दूरगामी सोच का परिचय दिया है। आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के लिए संसद में लाया गया बिल लोकसभा में पारित हो चुका है और राज्यसभा में भेजा गया है जो राज्यसभा के अगले सत्र में प्रस्तुत होगा।

# बेसहारा लोगों को बांटे वस्त्र

रोहतक। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से चुलियाणा मोड़ पर बेसहारा लोगों को निशुल्क कपड़ों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा पूर्व में भी कई स्थानों पर गर्म कपड़ों का वितरण कर चुके हैं।

Scanned with CamScanner

## आज का विचार



बाक्सिंग मैच की तरह जिंदगी के खेल में हारता वो नहीं है जो गिर जाता है, बल्कि हारता वो है जो गिरने के बाद उठने से इंकार कर देता है।

...विजेंद्र सिंह, भारतीय मुक्केबाज

## ... आज जरा सोचिए

ध्वनि विस्तारक यंत्र का अनावश्यक उपयोग प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा है। इसके साथ ही लोगों की सुनने की क्षमता को भी कम कर रहा है। इससे लोगों में चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। इसलिए इस पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद शादी या समारोह में लोग निर्धारित समय के बाद भी डीजे बजा रहे है। लोगों को सोचना होगा कि इसका दुष्प्रभाव उन पर भी पड़ रहा है।

## आज के कार्यक्रम

### कोहरे से आठ घंटे तक की देरी से चलीं ट्रेनें

रोहतक। सोमवार को घना कोहरा होने से कई ट्रेनें लेट चलीं। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लंबी दूरी की ट्रेन दो तो कम दूरी की ट्रेनें आठ-आठ घंटे तक की देरी से चली। जींद की ओर जाने वाली फिरोजपुर इंटर सिटी आठ घंटे, जींद पैसेंजर 45 मिनट, जनता एक्सप्रेस एक घंटा, इंटरसिटी एक घंटा 20 मिनट की देरी से रोहतक आई। वहीं, भिवानी की ओर जाने वाली गोरखधाम-पानीपत पैसेंजर आठ घंटे की देरी से चली।

- शाम 7:20 बजे : गुफा वाले मंदिर में दीपदान का कार्यक्रम।
- शाम 7 बजे : दुर्गा भवन में आरती।

# रोहतक-पानीपत हाईवे पर चल रही वेश्यावृत्ति, शिकायत पर भी पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

## अमर उजाला के जागरुक पाठक ने किया स्टिंग, बीस महिलाएं सक्रिय, आठ माह से चल रहा धंधा, 300 से 1500 रुपये लिए जाते हैं, एसपी बोले-मामला गंभीर, कराई जाएगी कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। इसे पुलिस की कोताही कही जाए या फिर कुछ और कि रोहतक-पानीपत हाईवे पर पिछले आठ माह से रोहतक और आसपास के क्षेत्र की महिला और युवतियां वेश्यावृत्ति कर रही हैं। वेश्यावृत्ति करने के बदले 300 से 1500 रुपये तक वसूले जाते हैं। पुलिस शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अमर उजाला के जागरूक पाठक ने हाईवे किनारे चल रही वेश्यावृत्ति का स्टिंग किया। जिसमें महिलाएं मजबूरी में वेश्यावृत्ति कराने की बात कह रही हैं।

अमर उजाला के जागरूक पाठक ने स्टिंग कर वीडियो भेजा है। जिसमें दो महिलाएं दिखाई दें रही हैं। पास में पाठक भी खड़े हैं। वीडियो रोहतक-पानीपत हाईवे पर स्थित खरावड़ गांव के पुल के पास की है। जिसमें पाठक महिला से वेश्यावृत्ति करने के बारे में पूछताछ कर रहा है। जिस पर महिला मजबूरी में ऐसा कार्य करने की बात कह रही है। हाईवे पर वेश्यावृत्ति में करीब 20 महिलाएं सक्रिय हैं। पाठक ने फेसबुक पर लाइव हाईवे किनारे चल रही वेश्यावृत्ति के बारे में लोगों को बताया था। साथ ही जिला पुलिस से वेश्यावृत्ति पर अंकुश लगाने की मांग की थी। आरोप है कि तीन बार वह पुलिस से मामले की शिक ायत कर चुका है मगर सूचना पर मौके पर जरूर पहुंचती है तो यहां पर वेश्यावृत्ति करने वाली महिला और युवतियों के खिलाफ कार्रवाई के बजाए उन्हें भगा देतीं हैं।

**मामले की जानकारी से इनकार :** खरावड़ चौकी प्रभारी हरिओम का कहना है कि हाईवे पर वेश्यावृत्ति की शिकायत उनसे नहीं की गई है। शिकायत करने का आरोप पूरी तरह से बुनियाद है।

**एसपी से मिलकर करूंगा शिकायत :** स्टिंग करने वाले युवक का कहना है कि हाईवे पर चल रही वेश्यावृत्ति की शिकायत एसपी जशनदीप सिंह रंधावा से की जाएगी।

### पाठकों ने बताया- कहां हो रही वेश्यावृत्ति

वेश्यावृत्ति का स्टिंग के माध्यम से खुलासे के बाद सोमवार को दिनभर अमर उजाला के पास शहर के लोगों की काल आती रही। नौ लोगों ने काल कर बताया कि गांधी कैंप के अलावा सेक्टर दो, खरावड गांव के पास हाईवे पर भी वेश्यावृत्ति चल रही है। पुलिस से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया। एसपी ने तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित एसएचओ को दिए है।

### अमर उजाला के पास पुख्ता सुबूत

अमर उजाला सामाजिक सरोकारों का पक्षधर रहा है और सामाजिक बुराइयों को उजागर करना हमारा फर्ज भी है, लेकिन नैतिक मूल्यों को देखते हुए सभी बातों को प्रकाशित नहीं किया जा रहा है। हालांकि अमर उजाला के पास वेश्यावृत्ति की रिकार्डिंग के साथ पुख्ता सुबूत हैं। जो पुलिस प्रशासन को जांच के दौरान उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

### घर जाने का दो हजार रेट

पाठक का दावा है कि सुबह आठ बजे ही महिला और युवतियां पुल के पास पहुंच जाती हैं। घर जाने के बदले 1500 से दो हजार रुपये लिए जाते है। महिलाएं आसपास के गांव की रहने वाली हैं।

*हाईवे किनारे वेश्यावृत्ति का मामला संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा हो रहा है तो यह गंभीर मामला है। मामले में कार्रवाई कराई जाएगी। इस धंधे में लिप्त लोगों को बख्शा जाएगा*

***- जशनदीप सिंह रंधावा, एसपी***

### पुलिस ने वेश्यावृत्ति कराने वालों की तलाश में की छापेमारी

रोहतक। अमर उजाला में वेश्यावृत्ति कराने वालों के संबंध में स्टिंग छपने पर एसपी ने मामले में एसएचओ को तलब किया। एसपी के निर्देश पर आर्य नगर थाना पुलिस ने वेश्यावृत्ति क राने वाले मकान में छापेमारी की। हालांकि सफलता हाथ नहीं लग सकी। एसपी ने पुलिस की भूमिका की जांच डीएसपी को सौंपी है। बता दें कि अमर उजाला ने अपने 4 फरवरी के अंक में माई सिटी के पेज एक पर दिल्ली, उत्तराखंड के मसूरी, हरिद्वार से लड़कियां ला चिन्योट कॉलोनी के मकान में करा रहे वेश्यावृत्ति नामक शीर्षक से स्टिंग प्रकाशित किया था। इसमें वेश्यावृत्ति कराने वालों का खुलासा किया गया। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने स्टिंग प्रकाशित होते ही एसएचओ को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही डीएसपी को मामले की जांच सौंपी है। एसएचओ आर्य नगर राकेश कुमार सैनी का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। एक महिला को चिह्नित किया गया है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यदि पुलिसकर्मियों की भी मिलीभगत सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई कराई जाएगी।



दिल्ली, उत्तराखंड के मसूरी, हरिद्वार से लड़कियां ला चिन्योट कॉलोनी के मकान में करा रहे वेश्यावृत्ति

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

Scanned with CamScanner

**पीड़ित परिवार ने अमर उजाला का दिया धन्यवाद**

# पीड़ित परिवार के बच्चों की पढ़ाई के लिए ट्रस्ट ने की मदद

## अमर उजाला ने किडनी पीड़ित की व्यथा की थी प्रकाशित, अब मदद के लिए सामने आ रहे लोग और संस्थाएं

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक।

न्यू चिन्योट कॉलोनी निवासी किडनी पीड़ित मानसिंह व उसके परिवार की मदद को सामाजिक संगठनों ने हाथ आगे बढ़ाए हैं। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट ने परिवार के बच्चों की पढ़ाई के लिए 5100 रुपये देकर आर्थिक मदद की। साथ ही सीएम को भी इस संबंध में पत्र भेजा है।

**अमर उजाला इंपैक्ट**



चिनयौट कालोनी में किडनी पीड़ित की मदद करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

अमर उजाला ने 11 अप्रैल के अंक में माई सिटी के पेज नंबर एक पर पति की जान बचाने को किडनी बेचने को तैयार पत्नी नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसमें शहर की न्यू चिन्योट कॉलोनी निवासी मानसिंह की पीड़ा बयां की गई थी। दरअसल, भाई की मौत के बाद उसके परिवार को भी मान सिंह ही संभाल रहा था। मगर उसकी दोनों किडनी खराब हो गई। बीमारी में एक लाख से अधिक का खर्च आ गया। मानसिंह परिवार का



पति की जान बचाने को किडनी बेचने को तैयार पत्नी

पालन पोषण भी नहीं कर पा रहा। अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद कई सामाजिक संगठन मदद को आगे आए थे। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा अन्य पदाधिकारियों के साथ मान सिंह के घर पर पहुंचे तथा उसके बच्चों की पढ़ाई के लिए 5100 रुपये की मदद दी। साथ ही परिवार को मदद व इलाज के लिए सीएम व डीसी को भी पत्र भेजा है। पीड़ित परिवार की मदद करने वालों में सोमबीर के अलावा सुनील जिंद्रान, रमेश कुमार, तकदीर सिंह, ओमबीर, सचिन मलिक शामिल रहे।

**एड्स पीड़ित का नाम सार्वजनिक करने का मामला**

## अब डिप्टी सीएमओ भी करेंगी मामले की जांच



एड्स पीड़ित ने नौकरी के लिए किया था आवेदन

स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस बोर्ड पर चस्पाया नाम

रोहतक। एड्स पीड़ित का नाम सार्वजनिक करने के मामले की जांच अब डिप्टी सीएमओ भी करेंगी। सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ को भी मामले की जांच सौंप दी है। इस मामले में नाम सार्वजनिक करने वाले कर्मचारी पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

**अमर उजाला ने प्रमुखता के साथ की थी खबर प्रकाशित**

परंतु कुछ लोगों ने धरना देकर सरकार पर दबाव बनाया और दो दिन में ही पूरा मुआवजा लेने में कामयाब हो गए। उन्होंने सीएम विंडो पर शिकायत दी।

में कर्मचारी सफाई करना भूल गए। बुधवार को किसी भी वार्ड में सफाई नहीं हुई। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि छुट्टी के दिन भी उनसे काम लिया गया।

### कम सुविधा होने से कम पशु पकड़े


पशुओं को पकड़ने की पूरी सुविधा नहीं थी, इसलिए कम पशु पकड़े जा सके। इस बारे में पालिका प्रधान फतेहसिंह ने कहा कि बेसहारा गोवंश को पकड़ने का अभियान निरंतर चलाया जाएगा। धीरे-धीरे सभी को पकड़कर गोशाला में छोड़ेंगे।

में केस दर्ज कराया कि वह खेतीबाड़ी करता है। 10 दिसंबर की शाम साढ़े 6 बजे वह गांव के ही अशोक के साथ छिछड़ाना रोड स्थित अपने खेत में पानी देखने गया था। उसका

**नई पहल** एक जागरूक युवक ने प्रवासी मजदूरों के बाल श्रम कर रहे बच्चों के बारे में भाजपा नेताओं को झकझोरा तो निकला हल

# बाल मजदूरों का कृषिमंत्री को फेसबुक पर भेजा मैसेज तो भिजवाया स्कूल

भास्कर न्यूज़ | रोहतक



रोहतक. चुलियाणा गांव में छोटे बच्चों को राजकीय कन्या स्कूल में पाठ्य सामग्री देते हुए।

छोटे बच्चों को काम करता देखकर किसी के मन में भी दया का भाव आ सकता है। मगर उसे अनदेखा करना या उसके प्रति संज्ञान लेना यह अपने विवेक पर निर्भर करता है। प्रवासी मजदूरों के बच्चों को खेत में चारा काटते देखा तो चुलियाना गांव के सोमबीर ने इनके बारे में फेसबुक के जरिये हरियाणा के कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ को संदेश भेजा। मामला मंत्री ओपी धनखड़ के संज्ञान में आया तो उन्होंने अपने किसान मोर्चा के माध्यम से इन बच्चों की सुध लेकर उनका सरकारी स्कूल में एडमिशन कराया। अब एक साथ यह 11 बच्चे स्कूल में गए हैं।

गांव चुलियाना के सोमबीर ने 12 मार्च को खेतों में काम करने वाले छोटे बच्चों को देखा। इस पर उन्होंने कृषि मंत्री ओपी धनखड़ को फेसबुक के माध्यम से कमेंट किया कि ऐसे कैसे उज्जवल होगा, भारत का भविष्य। हरियाणा सरकार से इनके लिए सहायता चाहते हैं। इस संदेश में उन्होंने नवदीप दहिया और जतिन धनखड़ को भी टैग किया। मामला कृषि मंत्री ओपी धनखड़ के संज्ञान में आया तो उन्होंने नवदीप दहिया की इस मामले में ड्यूटी लगाई कि वे बच्चों का दाखिला करवाना सुनिश्चित करें। गांव चुलियाणा से संबंध रखने वाले संदीप दूहन, जयसिंह लाकड़ा व किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रवीण घुसकानी के माध्यम से पूरी जानकारी ली गई।

मंत्री को संदेश भेजने वाले सोमबीर से भी संपर्क किया गया। इन बच्चों के अभिभावकों को समझाया गया। इसके बाद गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में प्राचार्या स्नेहलता से संपर्क किया। शिवानी पुत्री ओमबीर का चौथी कक्षा में, प्रीति पुत्री छोटे लाल का तीसरी, दीपक पुत्र छोटे लाल को दूसरी कक्षा में, प्रियंका पुत्री ओमबीर, कुलदीप पुत्र ओमबीर, श्यामू पुत्र छोटे लाल, अंजू पुत्री राकेश कुमार, देवकी पुत्री राकेश, मोहित पुत्र राकेश और सुंदरी पुत्री राकेश का पहली कक्षा में दाखिला कराया। इसके अलावा शानी पुत्र रामबीर का चौथी कक्षा में दाखिला कराया। ये सभी यूपी के लखीमपुर और बुलंदशहर के रहने वाले हैं। यहां काफी समय से मजदूरी कर रहे हैं। इनके बच्चे भी यहां उनकी मदद करते हैं। अब ये सभी 11 बच्चे गांव चुलियाणा के स्कूल में आते हैं। प्राचार्या स्नेहलता सांगवान ने कहा कि उनके स्कूल में प्रवासी मजदूरों के बच्चों का मंगलवार को दाखिला कराया गया है।

Scanned with CamScanner

-सुरश कुमार बसल, एसइ

# खेत में काम करते बच्चों की फोटो फेसबुक पर की अपलोड, कृषि मंत्री ने भेजा स्कूल

## चुलियाना के 11 छात्रों का स्कूल में करवाया दाखिला गांव के ही युवक ने की थी फोटो अपलोड

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक।

प्रदेश के कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने सोशल मीडिया पर खेत में काम करते बच्चों की फोटो देखकर 11 बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाया है। 12 मार्च को गांव चुलियाना निवासी सोमबीर ने खेतों में काम करने वाले छोटे बच्चों के संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को एक फेसबुक संदेश भेजा। उसने इस संदेश के साथ बच्चों की फोटोग्राफ और विडियो भी संलग्न कर दी थी। इसके बाद कृषि मंत्री ने प्रियंका, कुलदीप, श्यामू, अंजू, देवकी, मोहित, सुंदरी को पहली, दीपक को दूसरी, प्रीति को तीसरी और शिवानी और शानी को चौथी कक्षा में दाखिला दिलवाया और पुस्तकों का प्रबंध किया। इसके लिए कृषि मंत्री ने नवदीप दहिया की ड्यूटी लगाई थी।

साथ ही कृषि मंत्री ने गांव चुलियाना से संबंध रखने वाले किसान मोर्चा के पदाधिकारी संदीप दुहन, जयसिंह लाकड़ा, प्रवीण घुसकानी से जानकारी ली। स्कूल प्रिंसिपल स्नेहलता सांगवान ने कहा कि उनके स्कूल में प्रवासी मजदूरों के बच्चों का दाखिला कराया गया है।




युवक द्वारा कृषि मंत्री को की गई पोस्ट।

खास खब

# अमेरिका

## यूएसए की कंपनी ने भारतीय एजेंसी के माध्यम से कराया तैयार, होगी 350 की स्पीड

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक।

खेल जगत में परचम लहराने के साथ रोहतक के लाल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में झंडे गाड़ने के लिए तैयार हैं। म्हारे छोरे अब यूएसए के लिए रेसिंग ट्रक का मॉड तैयार किया है।

अमेरिकी कंपनी के इस प्रोजेक्ट भारतीय एजेंसी के माध्यम से तैयार करा गया है। खास बात यह है कि मॉडल डी में तैयार है, यह ट्रक 350 किलोमी

**सांपला रैली** फेसबुक से लेकर ट्विटर, व्हाट्सएप पर पीएम के कार्यक्रम की सराहना करते नजर आए युवा और महिलाएं

# सोशल मीडिया पर लोग बोले- 2019 में भी मोदी बनेंगे पीएम

महबूब अली

रोहतक। सांपला में हुआ पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम दिनभर सोशल मीडिया पर भी छाया रहा। फेसबुक से लेकर ट्विटर, व्हाट्सएप पर दिनभर कमेंट से लेकर लाइक और फेसबुक लाइव का सिलसिला चलता रहा। किसी ने पोस्ट कर पीएम को हर भाषा का जानकार तो किसी ने वर्ष 2019 के चुनाव में फिर से नरेंद्र मोदी के ही पीएम होने का दावा किया।




पीएम के कार्यक्रम को लेकर फेसबुक पर की गई पोस्ट।




बलियाणा के सोमबीर की फेसबुक पर डाली गई पोस्ट।

पीएम के कार्यक्रम के बाद बलियाणा गांव के सोमबीर शर्मा ने फेसबुक पर पोस्ट डाली, जिसमें कहा गया था कि सांपला में आज पीएम नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान लोगों में उत्साह देखने को मिला। उन्होंने न सिर्फ चौधरी सर छोटूराम की प्रतिमा का अनावरण किया, बल्कि रेल कोच रिपेयर फैक्ट्री का शिलान्यास करके युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी दिए। इसके लिए पीएम और देशवासियों को धन्यवाद।

सोनीपत के राजीव ने कहा कि रोहतक में आज प्रधान सेवक ने अपने भाषण की शुरुआत हरियाणवी में की। भई, ये मानना पड़ेगा कि अपना पीएम देश की हर भाषा का जानकार है। बिहार में जाकर भोजपुरी, मैथिली, बंगाल में बंगाली, उड़ीसा में उड़िया, असम में आसामी, महाराष्ट्र में मराठी के बाद अब हरियाणा में पीएम ने हरियाणवी भाषा में भी संबोधन किया। राजीव ने कहा कि यदि पीएम से कोई भाषा अथवा बोली रह गई है तो वह 2019 के चुनाव से पहले ही सीख जाएंगे। सुनित कुमार ने फेसबुक और ट्विटर पर पीएम के सांपला में आने पर धन्यवाद दिया। कहा कि वह बार-बार रोहतक की धरती पर आने चाहिए। करनाल के मनोज कुमार ने व्हाट्सएप के माध्यम से कहा कि पीएम ने हरियाणा को भी बड़ी सौगात दी है। इससे हरियाणा के लोग भी उनसे जुड़ेंगे। सांघी के सुनील ने कहा कि वर्ष 2019 में भाजपा के बजाय कांग्रेस की सरकार बननी चाहिए। कांग्रेस ही हरियाणा का विकास करा सकती है।

दिनभर फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप पर मोदी के कार्यक्रम को लेकर पोस्ट डालने से लेकर लाइक और कमेंट का सिलसिला चलता रहा। पीएम के कार्यक्रम के दौरान सभा स्थल पर पहुंचे लोगों में फेसबुक लाइव करने को लेकर भी होड़ मची रही। महिलाओं से लेकर पुरुष, युवा फेसबुक पर लाइव करते नजर आए। हर कोई कार्यक्रम की सराहना कर रहा था। हालांकि भीड़ के बीच में ही लाइव करने के दौरान सांपला के सुनील को पुलिस ने फटकार भी लगा दी। वह बार बार भीड़ के आने जाने में बाधक बन रहा था।

## हर पोस्ट पर नजर रखती रही पुलिस

रोहतक। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के खिलाफ कोई आपत्तिजनक पोस्ट या फिर कमेंट न डाल दे, इसको लेकर पुलिस इस बार अलर्ट रही। अधिकारियों के निर्देश पर पचास से अधिक पुलिसकर्मियों को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने को लगाया गया था। पोस्ट डालने वाले 400 से अधिक का ब्योरा पुलिस ने तैयार किया है। हालांकि किसी के भी आपत्तिजनक पोस्ट डालने की बात सामने नहीं आई है। ऐसा होता है कि कई बार लोग पीएम या फिर किसी भी बड़े कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालते हैं। जिसके कारण कई बार बवाल की भी आशंका बनी रहती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस बार अधिकारियों के निर्देश पर 50 से अधिक पुलिसक र्मियों को सोशल मीडिया फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप पर मैसेज, पोस्ट डालने वालों पर नजर रखने के लिए लगाया गया था। पुलिसकर्मियों ने करीब 400 लोगों का ब्योरा तैयार किया है।

Scanned with CamScanner

# कृषि मंत्री की पहल से गरीबी के अंधेरे में फैला शिक्षा का उजियारा

**जागरण संवाददाता, रोहतक :** कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ की पहल से गरीब बच्चों को शिक्षा की रोशनी मिली है। कृषि मंत्री ने फेसबुक पर खेत में चारा काट रहे मासूम बच्चों की पोस्ट पर संज्ञान लिया है। उन्होंने न केवल उन बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल कराने में मदद की, बल्कि किताबें भी उपलब्ध करवा दी हैं। फेसबुक पर यह पोस्ट गांव चुलियाना के सोमबीर ने विगत 12 मार्च को करके कृषि मंत्री से मदद करने की मांग की थी। कृषि मंत्री ने अपने स्टाफ के माध्यम से 11 प्रवासी बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया है। साथ ही, पोस्ट डालने वाले युवक का भी आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि गांव चुलियाना के सोमबीर पुत्र लालचंद शर्मा ने 12 मार्च को खेतों में काम करने वाले छोटे बच्चों को देखा। जिसके बाद उन्होंने फोटो और वीडियो कृषिमंत्री को प्रेषित किया। इस संदेश में उन्होंने नवदीप दहिया और जतिन धनखड़ को भी टैग किया।



सांपला के गांव चुलियाना में खेत में चारा काटते बच्चे।

## बेहतर कल के लिए

- फेसबुक पोस्ट देख प्रवासी बच्चों का कराया स्कूल में दाखिला
- 12 मार्च को चुलियाना के सोमबीर ने मासूमों की फोटो की थी पोस्ट




फेसबुक पर बच्चों की डाली गई फोटो।



स्कूल में गांव चुलियाना में बच्चे।

### पूरे मामले की पहले करवाई जांच पड़ताल

मामला कृषि मंत्री ओपी धनखड़ के संज्ञान में आया तो उन्होंने नवदीप दहिया की इस मामले में ड्यूटी लगाई कि वे बच्चो का दाखिला करवाना सुनिश्चित करें। जिसके बाद पूरे मामले की पड़ताल की गई। गांव चुलियाणा से संबंध रखने वाले संदीप दुहन, जयसिंह लाकड़ा, प्रवीण घुसकानी जो किसान मोर्चा के पदाधिकारी हैं, के माध्यम से पूरी जानकारी ली गई। बाल मजदूरी करने वाले इन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क साधा गया। अभिभावकों की सहमति मिलने के बाद इन लोगों ने गांव के स्कूल में प्राचार्या स्नेहलता से संपर्क किया। उस समय परीक्षाएं आरंभ हो चुकी थी। नामांकनआरंभ होने के बाद संदीप दूहन, जयसिंह व प्रवीण घुसकानी आदि फिर सक्रिय हुए।

### बच्चों का कराया गया स्कूल में दाखिला

प्रियंका पुत्री ओमबीर का पहली कक्षा में, शिवानी पुत्री ओमबीर का चौथी कक्षा मे, कुलदीप पुत्र ओमबीर प्रथम कक्षा मे, प्रीति पुत्री छोटे लाल का तीसरी, दीपक पुत्र छोटे लाल को दूसरी कक्षा मे श्यामू पुत्र छोटे लाल का पहली कक्षा में, अंजू पुत्री राकेश कुमार का पहली कक्षा मे, देवकी पुत्री राकेश को पहली कक्षा में, मोहित पुत्र राकेश पहली कक्षा मे और सुंदरी पुत्री राकेश का भी पहली कक्षा में दाखिला कराया। इसके अलावा शानी पुत्र रामबीर का चौथी कक्षा मे दाखिला कराया। ये सभी यूपी के लखीमपुर और बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

### नौ के दाखिला प्रक्रिया पूरी

प्राचार्या स्नेहलता सांगवान ने बताया कि स्कूल में प्रवासी मजदूरो के बच्चो को कल ही दाखिल कराया गया है। उन बच्चो को जयसिंह, संदीप व प्रवीण आदि ने ही वर्दी, स्कूल बैग व अन्य सामान की मदद भी दी है। प्राचार्या का कहना है कि उम्मीद है अभी नौ बच्चो की दाखिला प्रक्रिया पूरी हो गई है जबकि दो की प्रक्रिया जारी है। उनके आधार नंबर आदि जुड़ने है। उनका कहना है कि जो दूसरे प्रवासी मजदूरों के बच्चे हैं वे भी स्कूल में आना आरंभ करेंगे।

# डीजीपी साहब, खुले घूम रहे दुष्कर्म के आरोपी

फरियादियों ने खोली पुलिस की पोल, 15 शिकायतें पहुंची, कार्रवाई के निर्देश

फर्राटा भरेगा बेटा तो बाप जाएगा जेल

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौत

**संवाद सहयोगी, सांपला :** खरख... मार्ग पर गांव हसनगढ़ के पास साम... आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में ट... मार दी। जिसमें एक व्यक्ति की मौ...

Scanned with CamScanner

ट

पने
र्यों
92
गा।
ना
में
के
ड़ने



# सट्टेबाजी और शराब के अवैध धंधे पर रोक की मांग उठी

रोहतक। शहर में सट्टा लगाए जाने और शराब की अवैध बिक्री का खबर अमर उजाला में प्रकाशित होने के बाद लोग अखबार के साथ खड़े हो गए हैं। लोगों ने सोशल मीडिया पर अखबार की पहल की प्रशंसा करते हुए मांग उठाई कि इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तत्काल एक्शन लेना चाहिए।

जय हिंद निर्माण ट्रस्ट के चेयरमैन ब्रह्म प्रकाश और श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा ने फेसबुक और व्हाट्सएप पर दी अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि स्टिंग के माध्यम से अमर उजाला लगातार अवैध कार्यों का खुलासा कर रहा है। अब पुलिस-प्रशासन को अपराध को बढ़ावा देने वाले तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता उम्मेद सिंह ने फेसबुक पर अपनी पोस्ट में लिखा कि जनहित और आमजन को जागरूक करने के लिए वास्तव में यह प्रशंसा योग्य कदम है। बलियाना के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. देवेंद्र देशवाल, सुनील, मनोज, मनोरमा ने भी पुलिस से ऐसे मामलों में लिप्त लोगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## खबर प्रकाशित होने के बाद लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए पुलिस से की कार्रवाई की मांग



## सट्टे लगवाने और शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों की तलाश में छापे, एक गिरफ्तार

रोहतक। सट्टा लगवाने और अवैध रूप से शराब बेचने वालों का अमर उजाला में स्टिंग के माध्यम से खुलासा होने के बाद पुलिस और अवैध धंधों में लिप्त लोगों में जहां हड़कंप मचा हुआ है। पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस ने छह आरोपियों को भी गिरफ्तार किया, मगर आर्य नगर पुलिस छापेमारी के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। थाना एसएचओ ने रटारटाया जवाब दिया, छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं छह लोगों ने अमर उजाला को कॉल कर बताया कि अभी भी सट्टा लगवाने से लेकर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सिटी थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

Scanned with CamScanner

बजरंग भवन में खेली गुलाल की होली



## नारायणी सेना ट्रस्ट ने मिठाई बांट मनाई होली

रोहतक। होली के पावन पर्व पर नारायणी सेना ट्रस्ट ने पुलिस प्रशासन के साथ मिठाई बांटकर होली का त्योहार मनाया। एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने कहा की समाज में सब कुछ संतुलित रखने के लिए पुलिस का अहम योगदान रहता है। इसलिए उनके लिए हर पुलिस वाला आदरणीय हैं। पुलिस के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट और अपराध रोकने के लिए हम पुलिस का सहयोग करते रहेंगे। अध्यक्ष ने आपसी भाईचारा और एकजुटता बनाए रखने का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली पर हमें पानी की बर्बादी नहीं करनी चाहिए। जल संरक्षण के लिए हमें युवाओं को जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर मनदीप राठी, सुनील कुमार, एस एच ओ विरेंद्र, सतपाल सिंह, राजेश कुमार, ट्रैफिक स्टाफ मौजूद रहा।



## दिन में महिलाओं ने किया होलिका पूजन, सायं दहन, फाग आज

Scanned with CamScanner

## प्रवेश उत्सव : जिले के सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने को डोर-टू-डोर जा रहे शिक्षक

# नए विद्यार्थियों का पौधे देकर किया स्वागत

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। सोमवार को सिर्फ सप्ताह की ही नहीं बल्कि विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की भी शुरुआत हुई। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश भर में सोमवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों का स्वागत फूल मालाएं पहनाकर व तिलक लगाकर किया गया। इस दौरान नए विद्यार्थियों का पौधे देकर स्वागत किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

Scanned with CamScanner

## 'साथी एप' से ऑटो चालकों को एक क्लिक पर मिलेगी मदद

# शाम साढ़े 6 बजे के बाद महिलाओं को सुनसान रास्ते पर न उतारें

हरिभूमि न्यूज ⏩रोहतक

- हर ऑटो पर दुर्गा शक्ति एप का पोस्टर होगा
- श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों और पुलिस के साथ ऑटो रिक्शा यूनियन की बैठक हुई

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस के साथ-साथ अब ऑटो रिक्शा यूनियन ने भी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों और पुलिस के साथ ऑटो रिक्शा यूनियन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक सोनू नरवाल ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए सभी ऑटो पर पोस्टर लगाए जाएंगे। इसके अलावा ऑटो चालकों को भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। ट्रस्ट और पुलिस ने ऑटो रिक्शा यूनियन को कहा कि शाम साढ़े 6 बजे के बाद महिला यात्रियों को सुनसान या असुरक्षित रास्ते पर अकेला न उतारें। ऑटो चालक द्वारा महिलाओं से बदतमीजी व दुर्व्यवहार करने पर लाइसेंस रद किया जाए। ऑटो के अंदर धूम्रपान बंद करें। उल्लंघन करने पर यात्री या चालक पर 100 रुपये जुर्माना लगाएं। इसके अलावा ट्रस्ट ने भी ऑटो रिक्शा वालों को कई तरह की सुविधाएं देने की बात कही। ट्रस्ट की ओर से सभी ऑटो रिक्शाओं की आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए एक एप (साथी एप) तैयार किया जाएगा। एप पर एक क्लिक से ही तुरंत मदद पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा सभी ऑटो रिक्शा का रूट वाइज डाटा रखा जाएगा।



रोहतक। उप पुलिस अधीक्षक सोनू नरवाल से मिलते हुए ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने यूनियन को बताया महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ हम सब का यही दायित्व है कि हम सब मिलकर इसके लिए काम करें। इस मौके पर महिला थाना एसएचओ कमलेश, ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी, जिला उपाध्यक्ष अंकित दूहन, व हर्ष सहित ऑटो रिक्शा यूनियन के प्रधान विक्की पहलवान सहित कई ऑटो रिक्शा चालक मौजूद रहे।

### ये निर्णय भी लिए गए

- दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए ऑटो रिक्शा पर लगाए गए पोस्टर न उतारे जाएं।
- ये सभी पोस्टर सरकारी उद्देश्य से होंगे, पोस्टर के ऊपर पोस्टर लगाना मना है।
- ऑटो रिक्शा में भद्दे गाने न चलाए जाएं।
- ऑटो रिक्शा चालक महिलाओं की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी हों।
- बुजुर्ग और महिलाओं के लिए सीट का इंतजाम करें।
- महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऑटो यूनियन द्वारा हर संभव प्रयास किया जाए।
- ऑटो रिक्शा पर जातपात सूचक जैसे शब्दों को न लिखवाएं। अगर लिखवाया गया है तो उसको हटाया जाए, उल्लंघन करने पर चालान किया जाए।
- ऑटो रिक्शा संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या शिकायत के लिए एक व्हाट्सअप नंबर जारी किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

# स्कूल-कॉलेजों की छात्राएं सीखेंगी आत्मरक्षा के गुर

**श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने पुलिस के साथ हुई बैठक में लिया निर्णय**

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। पुलिस और श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट दुर्गा शक्ति एप के प्रचार प्रसार और स्कूल-कॉलेजों में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगे। इस बारे में मंगलवार को बैठक में फैसला लिया गया।

इसका उद्देश्य हर छात्रा को अपराजिता बनाना है, ताकि उनके चेहरे पर मुस्कान और आत्मविश्वास लाया जा सके। इस कार्य में जिला ऑटो रिक्शा यूनियन भी पूरा सहयोग करेंगी। आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को ऑटो चालकों के आई कार्ड भी बनाए जाएंगे। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा, डीएसपी सोनू नरवाल ने बताया कि नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और युवतियों की सुरक्षा को विशेष प्लान तैयार किया गया है। पुलिस मिलकर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ दुर्गा शक्ति एप के बारे में प्रचार प्रसार करेंगे। पोस्टर लगाकर भी महिलाओं से एप को डाऊनलोड करने की अपील की जाएगी। डीएसपी ने बताया कि जल्द ही मिलकर कार्य शुरू करा दिया जाएगा। उधर, ऑटो रिक्शा यूनियन के जिला अध्यक्ष विक्की पहलवान ने बताया कि पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे।

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

# ऑटो रिक्शा यूनियन के प्रधान ऑटो चालकों के साथ नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट में शामिल



रोहतक। ऑटो रिक्शा यूनियन के जिला प्रधान विक्की पहलवान जिले के सभी 6200 ऑटो रिक्शा चालकों के साथ नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट में शामिल हुए।

अध्यक्ष सोमबीर शर्मा और जिलाध्यक्ष अंकित दुहन ने प्रधान विक्की पहलवान को मिठाई खिलाकर और फूल माला पहनाकर ट्रस्ट में स्वागत किया। अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने जिले के सभी ऑटो चालकों को बहुत बहुत बधाई दी। अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि ऑटो रिक्शा यूनियन प्रधान का जिले के सभी ऑटो चालकों के साथ ट्रस्ट में जुड़ने से ट्रस्ट को मजबूती मिलेगी। ऑटो रिक्शा से संबंधित महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर ऑटो रिक्शा पर दुर्गा शक्ति एप के प्रमोशन के लिए पोस्टर लगाए जाएंगे। कुछ सुरक्षा मुद्दों को लेकर भी बातचीत की गई। इसके साथ साथ जिले के सभी ऑटो चालकों को ट्रस्ट की तरफ से साथी एप की सुविधा दी जाएगी। जहां पर वह सिर्फ एक क्लिक में किसी भी आपात स्थिति में सहायता पा सकते हैं। इसलिए जिले के सभी ऑटो रिक्शा चालकों का ट्रस्ट की तरफ से सदस्यता आइडेंटी कार्ड भी बनाया जाएगा।

Scanned with CamScanner

सुदुर्बलं नावजानाति कञ्चित् युक्तो रिपुं सेवते बुद्धिपूर्वम्। न विग्रहं रोचयते बलस्थैः काले च यो विक्रमते स धीरः॥
जो किसी कमजोर का अपमान नहीं करता, हमेशा सावधान रहकर बुद्धि-विवेक द्वारा शत्रुओं से निपटता है, बलवानों के साथ जबरन नहीं भिड़ता और उचित समय पर शौर्य दिखाता है, वही सच्चा वीर है।

सुप्रभात

अमर उजाला **my city**

आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वितिया, विक्रम संवत 2076 बुधवार • 19.06.2019

**रोहतक**



02 देवसेना, जोधा मेकअप से मिलता है रॉयल लुक

# एमडीयू के बाहर छात्राओं से छेड़छाड़ कर रहे तीन मनचलों पर टूट पड़ी छात्रा निकिता, खूब धुना

**रोहतक।** एमडीयू के गेट नंबर एक के बाहर दो बाइक सवार तीन युवकों ने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की। गाली-गलौज करने पर उतारू हो गए। छेड़छाड़ होते देख यहां से गुजर रही भिवानी की छात्रा निकिता शर्मा मनचलों पर टूट पड़ी। बहादुरी दिखाते हुए एक मनचले को पकड़ भी लिया। पर बाद में वह भाग गया। छात्रा को डीएसपी और श्री नारायणी सेना ट्रस्ट के चेयरमैन ने सम्मानित भी किया।

भिवानी निवासी निकिता शर्मा एमडीयू में एमए की छात्रा है। मंगलवार दोपहर वह कॉलेज आ रही थी। इसी बीच एमडीयू के गेट नंबर एक के बाहर देखा कि बाइक सवार तीन युवक यहां पर खड़ी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। एक युवक छात्रा के साथ गाली-गलौज करता भी देखा। इस पर निकिता मनचलों पर टूट पड़ी और उनकी पिटाई की। छात्रा को पिटाई करते देख सिक्योरिटी गार्ड भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया पर दो आरोपी भाग गए। एक को छात्रा ने पकड़ लिया पर वह भी बाद में फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। उधर डीएसपी पृथ्वी सिंह और श्री नारायणी सेना ट्रस्ट के चेयरमैन सोमवीर शर्मा ने छात्रा निकिता शर्मा को सम्मानित किया।



## डीएसपी ने किया सम्मानित

छात्रा निकिता ने न सिर्फ छात्राओं को बचाया बल्कि एक मनचले को पकड़ भी लिया था। हालांकि, वह बाद में भाग गया। छात्रा से हर किसी को प्रेरणा लेनी चाहिए।
**-पृथ्वी सिंह, डीएसपी, रोहतक**

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

# वाहनों पर चस्पा कराए दुर्गा शक्ति के पोस्टर

**रोहतक।** श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को वाहनों पर दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर चस्पा कराए गए। स्कूल और कॉलेजों में जाकर भी एप डाउनलोड कर मनचलों के संबंध में शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमवीर शर्मा ने बताया कि फिलहाल ऑटो पर पोस्टर चस्पा कराए जा रहे हैं। अन्य वाहनों पर भी जल्द ही पोस्टर चस्पा कराने शुरू कर दिए जाएंगे। मौके पर मंदीप राठी, अंकित दुहन, रविंद्र बेनीवाल, विकास कुमार, हर्ष मलिक, निकिता शर्मा का सहयोग रहा।




Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

रोहतक, सोमवार, 24 जून 2019

जागरण सिटी

दैनिक जागरण

रोहतक

मस्ती के साथ दिया नशे से दूर रहने का संदेश 16



गुरवाणी सुन संगत हुई निहाल 13

www.jagran.com

# नशे के दुष्प्रभावों की दी कार्यक्रम में जानकारी



बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते मोटिवेशनल स्पीकर विपुल शर्मा। • जागरण

**जागरण संवाददाता, रोहतक :** बस स्टैंड पर रोहतक पुलिस एवं श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एवं इलिसिट ट्रैफिकिंग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर विपुल शर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने युवाओं को मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। मोटिवेशनल स्पीकर ने बताया कि नशे की चपेट में आने से व्यक्ति का भविष्य खराब हो जाता है। वह चाहकर भी नशा नहीं छोड़ पाता है। समय रहते इलाज नहीं मिलने पर व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है। उन्होंने युवाओं का नशे के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। एसआइ सुनीता दहिया ने मादक पदार्थों का सेवन करने पर कानूनी धाराओं की जानकारी दी। इस मौके पर एएसआइ अशोक, विकास, रवि, सुरेंद्र, रामकुंवार, बिजेंद्र, राजेश, विजय व प्रवीण मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

अमर उजाला
my city
रोहतक
सुप्रभात
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, विक्रम संवत 2076
सोमवार ▪ 24.06.2019





04 गन्ने की नई किस्म करेगी किसानों के वारे-न्यारे

# नशा युवा पीढ़ी को बना रहा खोखला : शर्मा

**रोहतक।** आज युवा अपने पथ से भटक रहा है। वह नशे की आदी होता जा रहा है। देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। ऐसे में हम सब को इस युवा पीढ़ी को संस्कार, अनुशासन में रहने के लिए जागरूक करना होगा। नशे की लत इन्हें खोखला बना रही है। यह कहना है सामाजिक कार्यकर्ता विपुल शर्मा का। वे बस स्टैंड पर आयोजित पुलिस व श्रीनारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे।

गोष्ठी की अध्यक्षता बस स्टैंड चौकी के प्रभारी एसआई सुनीत दहिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने की। शर्मा ने बताया कि अगर कोई भी नशे की चपेट में आ जाता हैं तो उसका समय रहते इलाज कराना चाहिए ताकि वह व्यक्ति भविष्य में अपना जीवन अच्छे से जी सकें। इस मौके पर एएसआई अशोक, विकास, रवि, सुरेंद्र, रामकुवार, हेड कांस्टेबल बिजेंद्र, राजेश, विजय, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 24 जून 2019

# बस स्टैंड पर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस व श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बस स्टैंड पर इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एवं इलिसिट का आयोजन ट्रैफिक का डीएसपी पृथ्वी सिंह की देखरेख में हुआ। सामाजिक कार्यकर्ता विपुल शर्मा ने कहा कि नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि नशे की लत किसी की भी ज़िंदगी तबाह कर देती है। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी जागरूकता के साथ एक दूसरे का ख्याल रखेंगे तो ड्रग्स फ्री हरियाणा बना सकेंगे। बस स्टैंड चौकी प्रभारी एसआई सुनीत दहिया ने मादक पदार्थों का सेवन करने या उसके प्रयोग करने पर दी जाने वाली सजा एवं कानून की धाराओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य विकास, रवि, एएसआई अशोक, सपीओ सुरेन्द्र, रामकुंवार, हेड कॉन्स्टेबल बिजेंद्र, राजेश, विजय, कॉन्स्टेबल प्रवीण आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर

24-Jun-2019
null Page 4

# युवा नशे की लत से दूर रहें, ये जिंदगी कर देता है तबाह : विपुल

रोहतक | नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एवं इलिसिट ट्रैफिकिंग का आयोजन बस स्टैंड पर किया गया। अध्यक्षता बस स्टैंड चौकी के प्रभारी एएसआई सुनीत दहिया और ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने की। मोटिवेशनल स्पीकर विपुल शर्मा ने बताया कि हमें मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहना चाहिए। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि नशे की लत किसी की भी जिंदगी तबाह कर देती है। एएसआई सुनीत दहिया ने मादक पदार्थों का सेवन करने या उसके प्रयोग करने पर दी जाने वाली सजा एवं कानून की धाराओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य विकास, रवि, रामकुंवार, राजेश, विजय और एएसआई अशोक, सपीओ सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल बिजेंद्र, कांस्टेबल प्रवीण मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

Adit Speech & Hearing Center
Siemens HG. Aid Delarship
हकलाना, तुतलाना, Delayed Speech
कम सुनाई देना, Hg. Aid available
Voice Problem (Nasal Voice, Cleft Palate, Harshness, Hoarseness, Mental Retardation
आदि बीमारियों का ईलाज किया जाता है।
सम्पर्क करें मिसेज रोमी लाल
Speech Therapist
1822 Sec. 4, Near Gymkhana Club Rewari
Ph. 01274-260044 M. 9729708589

दक्षिण हरियाणा का प्रथम सांध्य दैनिक समाचार पत्र
हरियाणा ज्योति
e-mail : haryanajyoti2@gmail.com, haryana_jyoti@yahoo.co M. 94160-63661
हर पल पे नजर - हर पल की खबर
वर्ष : 20 अंक : 149 रेवाड़ी सोमवार 24 जून 2019 मूल्य : 2 रुपए RNI No. HARHIN/2000/00262

सोमवार 24 जून 2019

# मादक पदार्थों से दूर रहें: विपुल शर्मा

हरियाणा ज्योति/रमेश अरोड़ा

**रेवाडी।** रोहतक पुलिस एवम श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एवम इलिसिट ट्रैफिकिंग का आयोजन बस स्टैंड, रोहतक पर किया गया। रोहतक पुलिस में कार्यरत डीएसपी पृथ्वी सिंह इस कार्यक्रम की देख रेख कर रहे है। रविवार को बस स्टैंड पे हुए आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बस स्टैंड चौकी के प्रभारी एसआई सुनीत दहिया एवम ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर एवम सामाजिक कार्यकर्ता विपुल शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर विपुल शर्मा ने बताया कि हमें मादक पदार्थो के सेवन से दूर रहना चाहिए। मुख्य वक्ता ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि नशे की लत किसी की भी ज़िंदगी तबाह कर देती है। विपुल ने युवाओं को कहा कि वे सजग रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए आम लोगों का ध्यान रखें।



विपुल ने बताया कि अगर कोई भी नशे की चपेट में आ जाता हैं यो उसका समय रहते इलाज कराना चाहिए ताकि वह व्यक्ति भविष्य में अपना जीवन अच्छे से जी सकें। विपुल ने कहा कि अगर हम सभी जागरूकता के साथ एक दूसरे का ख्याल रखेंगे तो ड्रग्स फ्री हरियाणा बना सकेंगे। विपुल ने कहा कि हमें अपने आसपास हो रहे मादक पदार्थों से संबंधित कोई भी गतिविधियों की जानकारी हो तो पुलिस को सूचित करना चाहिए ताकि अपराधियों पर नकेल कसी जा सके।

इस अवसर पर एसआई सुनीत दहिया ने मादक पदार्थो का सेवन करने या उसके प्रयोग करने पर दी जाने वाली सजा एवम कानून की धाराओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य विकास एवम रवि के साथ एएसआई अशोक, सपीओ सुरेन्द्र एवम रामकुंवार, हेड कॉन्स्टेबल बिजेंद्र, राजेश, विजय एवम कॉन्स्टेबल प्रवीण मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# उड़ता हरियाणा बनने से बचाएंगे : डीएसपी नरेंद्र

## ड्रग्स फ्री अभियान के तहत पुलिस ने गोष्ठी के माध्यम से युवाओं को किया जागरूक

अमर उजाला ब्यूरो

**रोहतक।** जिले में ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान 26 जून तक चलेगा। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर लोगों को गोष्ठी और बैठक के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं, लोगों से भी सहयोग की अपील की है। उप पुलिस अधीक्षक सांपला नरेंद्र कादियान ने सोमवार को सांपला थाने में सांपला के अंतर्गत आने वाले सरपंचों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान के लिए जरूरी है कि पहले हम अपने गांव को नशे से मुक्त बनाएं। इसके लिए युवा पीढ़ी को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया जाना जरूरी है।



नशा न करने के प्रति जागरूक करते डीएसपी। *अमर उजाला*

उप पुलिस अधीक्षक रोहतक पृथ्वी सिंह ने थाना अर्बन एस्टेट में सेक्टर-1 व सेक्टर-2 के मोजिज व्यक्तियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नशे का आदी हो गया है उसे नशा मुक्ति केंद्रों तक पहुंचा कर समाज की मुख्य धारा में लाना होगा। अभियान के तहत एक भी व्यक्ति का नशा छुड़वा दिया तो हम समझेंगे कि हमने एक परिवार को बचा लिया। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक रोहतक डॉ. अंशु सिंगला ने बताया कि पाकिस्तान व अफगानिस्तान से पंजाब के रास्ते भारत में नशा का व्यापार बढ़ता जा रहा है। कुछ युवा लालच में आकर नशे के अवैध धंधे से जुड़ रहे हैं।

# नशा न करने की अपील

**रोहतक।** सेक्टर दो ओर तीन में श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट और पुलिस ने लोगों को नशीले पदार्थों का सेवन न करने के प्रति जागरूक किया। मौके पर डीएसपी पृथ्वी सिंह, ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा, रमेश कुमार, मनदीप राठी, नवीन दूहन, डॉ. राज सिंह, हरवीर सिंह, सुखबीर सिंह, प्रोफेसर मेहताल सिंह, बीएस मलिक, मोहन लाल शामिल रहे।

Scanned with CamScanner

अनाहूतः प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधमः।
किसी जगह पर बिना बुलाए चले जाना, बिना पूछे बहुत अधिक बोलते रहना, जिस चीज या व्यक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए उस पर विश्वास करना मूर्ख लोगों के लक्षण होते है।

अमर उजाला

my city

रोहतक

सुप्रभात

आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, विक्रम संवत 2076

मंगलवार • 25.06.2019



02 गृहिणी, कामकाजी महिलाओं से लेकर कॉलेज...



Diamond may just surpass your expectations

At Sehgal, Diamond takes up a voice of its own. In our skilled hands, the ordinary gets moulded into the beautiful and the priceless. Give yourself a royal pampering with Diamond.

SEHGAL
JEWELLERS
(A Unit of Sehgal Gold & Ornaments Pvt. Ltd.)

Railway Road, Rohtak - 124001 (Haryana)
Contact Us : +91-7876199000

# पुलिस लाइन में कल लगेगा रक्तदान शिविर

रोहतक। अमर उजाला फाउंडेशन और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मां दानो देवी धमार्थ ट्रस्ट सांघी और श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 26 जून को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कार्यवाहक एसपी ने रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी कर रक्तदान करने की अपील की। शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा, जो 2 बजे तक चलेगा। मुख्य अतिथि कार्यवाहक एसपी डॉ. अंशू सिंगला होंगी। कार्यवाहक एसपी ने कहा कि प्रत्येक तीन माह में स्वस्थ्य व्यक्ति को एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान से अन्य लोगों की जान बचाई जा सकती है। मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट सांघी के चेयरमैन तसवीर सिंह हुड्डा, कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने कहा कि रक्तदान से कमजोरी नहीं आती है। बल्कि होने वाली बीमारियों के फैलने का खतरा भी कम होता है। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा, सलाहकार विपुल शर्मा ने कहा कि रक्तदान के प्रति हर किसी को जागरूक होना होगा। पुलिस लाइन अस्पताल के फार्मासिस्ट हरेंद्र सिंह का कहना है कि शिविर 9 बजे शुरू कर दिया जाएगा।

AMAR UJALA FOUNDATION

Scanned with CamScanner

## डीएसपी ने ली थाना क्षेत्र के लोगों की बैठक

# पुलिस का नशे पर वार, ड्रग फ्री हरियाणा अभियान की शुरुआत

- 26 जून तक चलने वाले अभियान में युवा पीढ़ी को नशे को लेकर जागरूक किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशन और पुलिस महानिदेशक मनोज यादव की निगरानी में ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 26 जून तक चलेगा। जिसके तहत रोहतक पुलिस द्वारा बैठकों, समारोह के माध्यम से युवा पीढ़ी को नशे के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पुलिस द्वारा सोमवार को सामाजिक संगठनों, वरिष्ठ नागरिक कल्बों, सरपंचों के साथ बैठक कर नशे के दुष्प्रभावों के बारे जागरुक किया।

डीएसपी नरेन्द्र कादयान ने सांपला थाना में सांपला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरपंचों के साथ बैठक की है। उन्होंने बैठक में सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के लिए जरूरी है कि पहले हम अपने गांव को ड्रग फ्री बनाए। जिसके लिए युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करना होगा। गांव के लोगों को नशे से पीड़ित व्यक्तियों को सही रास्ते पर लाने का प्रयास करना होगा, ताकि पीड़ित व्यक्ति को मुख्य धारा में लाया जा सके।

कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक डॉ. सिंगला ने बताया कि हरियाणा में कई सालों से नशे का व्यापार बढ़ रहा है। पाकिस्तान व अफगानिस्तान से पंजाब के रास्ते होते हुए भारत में नशे का व्यापार हो रहा है। कुछ युवकों ने पैसे कमाने के लालच में नशा का अवैध धंधा शुरू कर रखा है। नशे में संलिप्त व्यक्ति नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। सबसे पहले वह अपने घर में चोरी करते हैं और फिर बाहर छोटी-छोटी चोरियों से बड़ी अपराधिक वारदातों तक को अंजाम देते हैं।

रोहतक पुलिस द्वारा नशे का व्यापार करने वाले लोगों पर लगातार नकेल कसी जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील कि है कि नशे में संलिप्त युवाओं को समझाएं, उनकी काउंसलिंग करें व नशा तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को दे।



रोहतक। थाना अर्बन एस्टेट में सेक्टर-एक व सेक्टर-दो के मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक करते डीएसपी पृथ्वी सिंह।

### चलेंगे छापेमारी अभियान

पूरे प्रदेश में नशे के तस्करों पर छापेमारी अभियान चलेंगे। रोहतक में जिन क्षेत्रों में नशा बेचा जा रहा है उन्हें चिन्हित कर रेड की जाएगी। इस दौरान नशे की जड़ पर वार किया जाएगा। जो लोग नशीले सामान की तस्करी करते हैं उनका रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

### नशे से दूर रहने के लिए किया जागरुक

श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफकिंग का आयोजन सेक्टर एक की चौकी में किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप अधीक्षक पृथ्वी सिंह और श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने की। रमेश कुमार ने कहा कि युवाओं के भविष्य को तैयार करने के लिए सबसे अहम योगदान परिवार वालों का होता है वे खुद ही यह निर्णय लेते हैं कि बच्चे को किस दिशा में जाना है। अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा ही एक उज्जवल भविष्य तैयार कर सकती है उन्होंने सभी से मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की बात कही। उप अधीक्षक पृथ्वी सिंह ने मादक पदार्थों का सेवन करने या उसके प्रयोग करने पर दी जाने वाली सजा एवं कानून की धाराओं की जानकारी दी। यहां ट्रस्ट के पदाधिकारी मनदीप राठी, नवीन दूहन, एसएचओ इंस्पेक्टर नीरज, एएसआई जोगिंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# ड्रग फ्री हरियाणा के लिए पुलिस ने मांगा सहयोग

**जागरण संवाददाता, रोहतक :** पुलिस महानिदेशक मनोज यादव के आदेश पर सोमवार को ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को सरपंचों और गणमान्य लोगों की बैठक लेकर नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। साथ ही नशे की रोकथाम के लिए अपील भी की गई। डीएसपी पृथ्वी सिंह ने अर्बन एस्टेट थाने में सेक्टर-1 और सेक्टर-2 के लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने आह्वान किया कि ड्रग फ्री हरियाणा अभियान में सहयोग करें। जो व्यक्ति नशे का आदी हो गया है उसे नशा मुक्ति केन्द्रों तक पहुंचाकर समाज की मुख्य धारा में लाना होगा। युवकों को जागरूकता अभियान के तहत

**मंथन**

- डीएसपी ने सरपंचों और गणमान्य लोगों की बैठक को किया संबोधित
- कहा-नशाखोरों को नशा मुक्ति केंद्रों तक पहुंचाए

नशे से दूर रखना होगा। उधर, सांपला डीएसपी नरेंद्र कादियान ने भी सांपला क्षेत्र में सरपंचों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के लिए सबसे पहले अपने गांव को ड्रग फ्री बनाना होगा। एएसपी डा. अंशु सिंगला ने बताया कि प्रदेश में पिछले कई समय से नशे का व्यापार बढ़ रहा है। पाकिस्तान व अफगानिस्तान से पंजाब के रास्ते होते हुए भारत में नशे का व्यापार हो रहा है।



रोहतक के अर्बन स्टेट थाने में लोगों को जागरूक करते डीएसपी पृथ्वी सिंह। • जागरण



रैली निकालकर नशे से दूर रहने का आह्वान करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। • जागरण

# जागरूकता रैली निकाल नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

**जागरण संवाददाता, रोहतक :** टीबी अस्पताल में सोमवार को नशीले पदार्थो के सेवन व मानसिक समस्याओं पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल सर्जन डा. अनिल बिरला ने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम 30 जून तक नशीले पदार्थो की रोकथाम एवं जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

अभी तक चिड़ी, महम व जिला नागरिक अस्पताल में लोगों को जागरुक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं मदीना स्थित सीएचसी में 30 जून को कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में बताया गया कि शहरी क्षेत्र में सात जुलाई तक लेप्रोसी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। घर-घर जाकर लोगों को इस रोग के इलाज के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। उप सिविल सर्जन डा. इंदू सिंह ने बताया कि दवाइयों के माध्यम से इस रोग का इलाज संभव है। समय पर इलाज नहीं होने से हाथ-पैर टेढ़े हो सकते हैं। कार्यक्रम के बाद नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई।

अमर उजाला mycity रोहतक

हर खबर पर हमारी नजर

page 02

किसी भी कार्यक्रम की फोटो और जानकारी व्हाट्सएप पर भेजें : 7617566173 • ईमेल करें : roh-cityreporter@roh.amarujala.com बुधवार 26.06.2019 amarujala.com

### पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर आज

# आपका रक्त बचाएगा तीन लोगों की जान

**अमर उजाला फाउंडेशन और पुलिस के सहयोग से लगेगा शिविर**

अमर उजाला ब्यूरो

**रोहतक।** अमर उजाला फाउंडेशन और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मां दानो देवी धमार्थ ट्रस्ट सांघी और श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से बुधवार को पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कार्यवाहक एसपी ने रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी कर रक्तदान करने की अपील की।

शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा, जो 2 बजे तक चलेगा। मुख्य अतिथि कार्यवाहक एसपी डॉ. अंशू सिंगला होंगी। कार्यवाहक एसपी ने कहा कि प्रत्येक तीन माह में स्वस्थ्य व्यक्ति को एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान से अन्य लोगों की जान बचाई जा सकती है।

मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट सांघी के चेयरमैन तसवीर सिंह हुड्डा, कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने कहा कि रक्तदान से कमजोरी नहीं आती है। बल्कि होने वाली बीमारियों के फैलने का खतरा भी कम होता है। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमवीर शर्मा, सलाहकार विपुल शर्मा ने कहा कि रक्तदान के प्रति हर किसी को जागरूक होना होगा। पुलिस लाइन अस्पताल के फार्मासिस्ट हरेंद्र सिंह का कहना है कि शिविर 9 बजे शुरू कर दिया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

AMAR UJALA FOUNDATION

### ये लोग कर सकते हैं रक्तदान

- उम्र 18 से 60 साल के बीच
- हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम/डेसीलीटर
- पल्स 50 से 100 प्रति मिनट हो
- ब्लड प्रेशर 100 से 180 के बीच ऊपर का और 50 से 100 नीचे का हो
- वजन 45 किलोग्राम से कम न हो

### ये नहीं कर सकते रक्तदान

- एंटी रैबीज या हैपेटाइटिस-सी का एक साल के अंदर उपचार लिया हो
- छह महीने के अंदर टैटू गुदवाया हो
- छह महीने के अंदर एक्यूपंचर की विधि से इलाज करवाया हो
- गंभीर बीमारी या सर्जरी हुई हो
- पीलिया से पीड़ित रहा हो
- तीन माह के अंदर रक्तदान किया हो या फिर मलेरिया का इलाज कराया हो
- एक माह के भीतर कोई टीकाकरण कराया हो
- 48 घंटे पहले कोई दवा खाई हो
- बीते 72 घंटे में एस्प्रिन दवा खाई हो या फिर दंत चिकित्सा करवाई हो
- बच्चों को स्तनपान कराने वाली महिला
- गर्भवती महिला।

*जैसा की मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट सांघी के चेयरमैन तसवीर सिंह हुड्डा ने बताया।*

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

## अमर उजाला फाउंडेशन और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस लाइन में शिविर का आयोजन

# शिविर में 78 ने किया रक्तदान, पौधे किए भेंट

अमर उजाला ब्यूरो

**रोहतक।** अमर उजाला फाउंडेशन और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मां दानो देवी धमार्थ ट्रस्ट सांघी और श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से बुधवार को पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें एएसपी से लेकर डीएसपी और पुलिसकर्मियों समेत 78 ने रक्तदान दिया। रक्तदान करने वालों को पौधे भेंट किए गए।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यवाहक एसपी डॉ. अंशू सिंगला ने किया। उन्होंने रक्तदान के साथ-साथ पौधरोपण करने की भी अपील की। कहा कि प्रत्येक तीन माह में स्वस्थ्य व्यक्ति को एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। इसके अलावा पुलिस लाइन में पौधरोपण भी किया गया।

एएसपी मकसूद अहमद और मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट सांघी के चेयरमैन तसवीर सिंह हुड्डा, कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने कहा कि रक्तदान से कमजोरी नहीं आती है। बल्कि होने वाली बीमारियों के फैलने का खतरा भी कम होता है। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सोमबीर शर्मा, सलाहकार विपुल शर्मा ने कहा कि रक्तदान के प्रति हर किसी को जागरूक होना होगा। कार्यक्रम में कार्यवाहक एसपी डॉ. अंशू सिंगला, डीएसपी गोरखपाल को सम्मानित किया गया।

**इन डॉक्टरों का रहा सहयोग**

पीजीआई के डॉक्टर विकास कुमार, डॉ. सीमा, डॉ. सुमन, चालक दलबीर कुमार, पुलिस लाइन अस्पताल के फार्मासिस्ट हरेंद्र सिंह, रोहताश कुमार, एसपी कार्यालय में तैनात नरेंद्र सिंह, विनोद कुमार, श्री कृष्ण और किशन बहादुर, रोहताश कुमार, देविंद्र सिंह, देविंद्र शर्मा, सीएलजी प्रधान सुभाष गुप्ता आदि।

### पुलिस चौकी पर तैनात सभी जवान पहुंचे रक्तदान करने

शिविर में बस स्टैंड पुलिस चौकी प्रभारी सुनीत कुमार अपनी पूरी टीम के साथ रक्तदान करने के लिए पहुंचे। उनके अलावा एसआई नरेंद्र, सिपाही संजय कुमार, संजय और कार्यवाहक एसपी की सुरक्षा में तैनात हवलदार विरेंद्र सिंह ने रक्तदान किया।

### खून के अभाव में मरीज को तड़पते देखा तो लिया संकल्प

बस स्टैंड चौकी प्रभारी सुनीत कुमार अब तक 26 बार रक्तदान कर चुके हैं। बुधवार को जैसे ही उन्हें रक्तदान शिविर की सूचना मिली तो वह फिर से स्टाफ को लेकर पुलिस लाइन में रक्तदान करने के लिए पहुंच गए। सुनीत कुमार मूल रूप से सोनीपत के सिसाना गांव के रहने वाले हैं। बताया कि वर्ष 2002 में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। एक दिन उन्होंने पीजीआई में खून के अभाव में एक युवक को तड़पते देखा तो तभी रक्तदान करने का संकल्प ले लिया।

### दो दोस्तों की हुई मौत तो सुंदर ने रक्तदान को बनाया मिशन

सुभाष नगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुंदर जेटली अन्य लोगों के लिए किसी मिसाल से कम नहीं है। अब तक वह 100 से अधिक बार खुद रक्तदान कर चुके हैं जबकि अन्य को भी रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे है। अमर उजाला के शिविर में बुधवार को वह रक्तदान करने के लिए पहुंचे। सुंदर जेटली ने बताया कि वर्ष 1995 में रोहतक में आई बाढ़ के दौरान खून के अभाव में उनके दोस्त शहर के रहने वाले दीपक की मौत हो गई थी। इसके बाद 4 जुलाई 2000 में उनके दोस्त लेफ्टिनेंट कुलदीप सिंह राठी कश्मीर में आतंकियों से लोहा लेते समय शहीद हो गए थे। इन दो मामलों के बाद से उन्होंने रक्तदान करने की ठान ली और लगातार रक्तदान कर रहे हैं।




पुलिस लाइन में आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करतीं कार्यवाहक एसपी डॉ. अंशू सिंगला। - अमर उजाला



शिविर में रक्तदान करते एएसपी मकसूद अहमद।

*शिविर में एएसपी मकसूद अहमद भी रक्तदान करने के लिए पहुंचे। एएसपी मूल रूप से मेवात के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हर किसी को रक्तदान करना चाहिए। साथ ही अन्य को भी जागरूक करना चाहिए।*

### महिला पुलिसकर्मियों के साथ महिलाएं भी पहुंचीं

शिविर में पीजीआई थाने पर तैनात एएसआई पूनम पांचवीं बार, एएसआई संतोष चौथी बार, ट्रैफिक पुलिस के हवलदार राजेश कुमार 15वीं बार, खिड़वाली गांव के मंजीत दसवी बार, श्रीचंद ओझा आठवीं बार, वीरेंद्र शर्मा, पांचवीं बार, कृष्ण कुमार ने आठवीं बार, राजेंद्र सिंह ने 12 बार करने पहुंचे।

### 50 से अधिक रक्तदान शिविर लगा चुके हरेंद्र

पुलिस लाइन अस्पताल के फार्मासिस्ट हरेंद्र सिंह अब तक राहगीरी कार्यक्रम से लेकर अन्य स्थानों पर पचास से अधिक रक्तदान शिविर लगा चुके है। रक्तदान के प्रति भी लोगों को जागरूक करते है। जिसके लिए आईजी से लेकर एसपी तक उन्हें सम्मानित कर चुके हैं।



पौधारोपण करतीं कार्यवाहक एसपी डॉ. अंशू सिंगला।

Scanned with CamScanner

# महिला सुरक्षा के लिए जागरूक किए जाएंगे ऑटो चालक

**रोहतक।** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर 31 जून को पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें कार्यवाहक एसपी ऑटो चालकों को संबोधित करेंगी। दुर्गा शक्ति एप के प्रति भी महिलाओं को जागरूक किया जाएगा।

शुक्रवार को श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशू सिंगला से मिले। तय किया गया कि जिले में महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा पुलिस द्वारा चलाई गई दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए जिले की सभी रजिस्टर्ड ऑटो रिक्शा पर मंगलवार से पोस्टर चिपकाए जाएंगे। इसके अलावा 31 जून को पुलिस लाइन में होने वाले कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कार्यवाहक एसपी होंगी। ऑटो चालकों को भी संबोधित किया जाएगा। मौके पर चेयरमैन सोमबीर शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष गुप्ता, मनदीप राठी मौजूद रहे। **ब्यूरो**

Scanned with CamScanner

# महिला सुरक्षा को लेकर ऑटो पर लगाए जाएंगे दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर

जागरण संवाददाता, रोहतक : श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी शुक्रवार को एएसपी डा. अंशु सिंगला से मिले। उन्होंने जिले में महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा चलाई गई दुर्गा शक्ति एप के प्रचार-प्रसार में सहयोग का आह्वान किया। इसके लिए जिले के सभी पंजीकृत ऑटो रिक्शा पर मंगलवार से पोस्टर चिपकाए जाएंगे। इससे पहले सोमवार को पुलिस और श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एएसपी मुख्यातिथि के तौर पर होंगी। ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी ने बताया कार्यक्रम में ऑटो रिक्शा चालकों को संबोधित किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि ऑटो रिक्शा में भद्दे गाने न चलाये जाए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक के संदेश द्वारा एप का प्रचार करे। शाम साढ़े 6 बजे के बाद महिला यात्रियों को सुनसान रास्ते पर अकेला न उतारें। उल्लंघन करने पर तत्काल 500 रुपए जुर्माना लगाए।

Scanned with CamScanner

# महिला सुरक्षा को ऑटो वाले सतर्क रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुर्गा शक्ति एप के प्रचार में सहयोग का आह्वान

श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी शुक्रवार को एएसपी डॉ. अंशु सिंगला से मिले। उन्होंने जिले में महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा चलाई गई दुर्गा शक्ति एप के प्रचार-प्रसार में सहयोग का आह्वान किया। इसके लिए जिले के सभी पंजीकृत ऑटो रिक्शा पर मंगलवार से पोस्टर चिपकाए जाएंगे। इससे पहले सोमवार को पुलिस और श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एएसपी मुख्यातिथि के तौर पर होंगी। ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी ने बताया कार्यक्रम में ऑटो रिक्शा चालकों को संबोधित किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि ऑटो रिक्शा में भद्दे गाने न चलाए जाए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक के संदेश द्वारा एप का प्रचार करे। शाम साढ़े 6 बजे के बाद महिला यात्रियों को सुनसान रास्ते पर अकेला न उतारे। बुजुर्ग और महिलाओं के लिए सीट का इंतजाम करे। ऑटो रिक्शा के अंदर धूम्रपान न करे और न होने दे। उलंघन करने पर तत्काल 500 रुपये जुर्माना लगाए। इसके अलावा भी अन्य सुझाव रखे गए।

Scanned with CamScanner

# रोहतक भास्कर

रोहतक | शनिवार 29 जून 2019 कलानौर • भालौठ • करौंथा • सांघी लाखनमाजरा • महम • सांपला • मदीना dainikbhaskar.com


# दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए पुलिस अब ऑटो रिक्शा पर लगाएगी इश्तेहार

भास्कर न्यूज | रोहतक

महिलाओं के लिए **खास खबर**

श्रीनारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी शुक्रवार को कार्यकारी एसपी डॉ. अंशु सिंगला से मिले। सोमवार को रोहतक पुलिस और श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट महासचिव मनदीप राठी ने बताया कि कार्यक्रम में कार्यकारी एसपी डॉ. अंशु सिंगला मुख्यातिथि रहेगी। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा पुलिस की ओर से चलाई गई दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए सभी रजिस्टर्ड ऑटो रिक्शा पर मंगलवार से पोस्टर चिपकाए जाएंगे। महासचिव के अनुसार 7 जून को ट्रैफिक डीएसपी सोनू नरवाल ने ऑटो यूनियन की बैठक ली थी। इसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए अध्यक्ष सोमवीर शर्मा द्वारा अहम मुद्दे रखे गए थे। जिस पर यूनियन प्रधान सहित सभी रिक्शा चालकों ने सहमति दी थी। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

तापमान
अधिकतम 39.6 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 30 जून 2019

13 कॉलेजों में दो को लगेगी मेरिट लिस्ट


14 शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे मजबूत औजार


# महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में बैठक कल

■ ऑटो चालकों को पुलिस अधिकारी देंगे सेफ्टी टिप्स

**रोहतक।** महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में सोमवार को बैठक होगी। बैठक में ऑटो चालक यूनियन के पदाधिकारियों से मिलकर महिला सुरक्षा को लेकर चर्चा की जाएगी। डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल ने बताया कि सभी पदाधिकारी और ऑटो चालक सुबह नौ बजे पुलिस लाइन में इकट्ठा होंगे। रोहतक पुलिस तथा सामाजिक संगठनों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुर्गा शक्ति एप के प्रचार-प्रसार व महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा होगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला इसमें मुख्यातिथि होंगी। ऑटो रिक्शा चालक दिन-रात शहर के सड़कों पर घूमते हैं। वह पुलिस की आंख व कान बनकर अपराध की रोकथाम व अपराधियों को पकड़वाने में विशेष भूमिका अदा करेंगे।

Scanned with CamScanner

# पुलिस की आंख, कान बनेंगे रोहतक के ऑटो चालक

जागरण संवाददाता, रोहतक : महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में सोमवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसमें ऑटो चालक यूनियन के पदाधिकारियों से मिलकर महिला सुरक्षा को लेकर चर्चा की जाएगी, साथ ही उनसे सहयोग का आह्वान किया जाएगा। डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल ने बताया कि सभी पदाधिकारी और ऑटो चालक सुबह नौ बजे पुलिस लाइन में इकट्ठा होंगे।

रोहतक पुलिस तथा सामाजिक संगठनों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुर्गा शक्ति एप के प्रचार-प्रसार व महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा होगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला इसमें मुख्यातिथि होंगी। महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्लान तैयार किया जाएगा, जिसमें पुलिस, सामाजिक संगठन व ऑटो चालक मिलकर काम करेंगे। ऑटो रिक्शा चालक दिन-रात शहर के सड़कों पर घूमते हैं। वह पुलिस की आंख व कान बनकर अपराध की रोकथाम व अपराधियों को पकड़वाने में विशेष भूमिका अदा करेंगे। इसके अलावा दुर्गा शक्ति एप के बारे में ऑटो रिक्शा चालकों को अवगत कराया जाएगा। सभी ऑटो पर दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर लगाए जाएंगे।

## नई पहल

- महिला सुरक्षा को लेकर ऑटो चालकों के साथ मिलकर पुलिस बनाएगी विशेष प्लान
- पुलिस लाइन में कल होगी ऑटो यूनियन पदाधिकारियों के साथ बैठक

दैनिक भास्कर
30-Jun-2019
null Page 6


**तैयारी** • ऑटो चालकों और सामाजिक संगठनों के साथ पुलिस मीटिंग में करेगी सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा

# महिलाओं की सुरक्षा पर पुलिस संगठनों से करेगी मीटिंग

भास्कर न्यूज़ | रोहतक

पुलिस की ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग-2 तरह के जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए ऑटो रिक्शा चालकों के साथ डीएसपी सोनू नरवाल एक जुलाई को लाइन में मीटिंग करेंगे। ट्रैफिक डीएसपी सोनू नरवाल ने बताया कि एक जुलाई को शहर के ऑटो रिक्शा चालकों को सुबह 9 बजे पुलिस लाइन में एकत्रित होने के लिए सूचित किया गया है। पुलिस और सामाजिक संगठनों की ओर से महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुर्गा शक्ति एप के प्रचार प्रसार व महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कार्यकारी एसपी डॉ. अंशु सिंगला मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी। महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्लान तैयार किया जाएगा। इसमें पुलिस, सामाजिक संगठन व ऑटो चालक मिलकर काम करेंगे। ऑटो रिक्शा चालक दिन-रात शहर के सड़कों पर घूमते हैं। खासकर रात्रि के समय ऑटो में सवार होने वाली महिलाओं को सुरक्षित सफर कराने व सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में उनकी हर संभव सहायता करें।

## 6 से शुरू होने वाले स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की



रोहतक | अंबाला में 6 जुलाई को होने वाले स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक राज्य स्तरीय मीटिंग के हुडा सिटी पार्क में की गई। एसोसिएशन की राज्य प्रधान ओमपति कादयान ने बताया कि मुख्यातिथि स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज शिरकत करेंगे। राज्य महासचिव हरिनिवास व प्रेस सचिव संदीप कुंडू ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे राष्ट्रीय वेक्टर बोर्न डिजीज, क्षय रोग एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, मातृत्व व शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बेटी बचाओ कार्यक्रम व परिवार नियोजन के उपायों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा। जिस प्रकार पोलियो कैंसर, टीबी जैसी गंभीर बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए बहु-उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी काम कर रहे है। मीटिंग में उप प्रधान रानी, वरिष्ठ उप प्रधान मुकेश चौहान, वित्त सचिव संतोष सैनी, अंजू, मनदीप राठी, राजेश कुमार अनिल गोयत, निर्मला, सतबीर पानीपत, कुलताज मलिक,अनिल लाठर, वीरेंद्र पहल मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

किसी भी कार्यक्रम की फोटो और जानकारी व्हाट्सएप पर भेजें : 7617566173 • ईमेल करें : roh-cityreporter@roh.amarujala.com
अमर उजाला

# महिला सुरक्षा को लेकर एएसपी ने ऑटो चालकों संग की बैठक



**रोहतक।** शहर की पुलिस लाइन में एएसपी मकसूद अहमद ने नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए ऑटो चालकों के साथ बैठक की। महिला सुरक्षा के विषय को लेकर जागरूक और पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने ऑटो चालकों से कहा कि रात के समय महिला यात्री को सुरक्षा के लिहाज से घर तक छोड़ने का प्रयास करें। ब्यूरो

Scanned with CamScanner



रोहतक। पुलिस लाइन परिसर में ऑटो पर पोस्टर लगाकर अभियान का शुभारंभ करते हुए एएसपी मकसूद अहमद। फोटो :हरिभूमि

# महिला सुरक्षा को लेकर ऑटो रिक्शा पर लगेंगे दुर्गा शक्ति एप के 12 हजार पोस्टर

## एएसपी मकसूद अहमद ने बैठक को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- हर ऑटो पर होगा चालक का नाम व मोबाइल नम्बर

महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऑटो रिक्शा पर दुर्गा शक्ति एप के साढ़े 12 हजार पोस्टर लगाए जाएंगे। इन ऑटो पर चालक का नाम, मोबाइल नम्बर भी लिखा होगा। मुख्य अतिथि ने सोमवार को ऑटो पर पोस्टर लगाकर अभियान की शुरूआत की। साथ ही पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण भी किया गया। एएसपी ने कहा कि महिला सुरक्षा एक संवेदनशील विषय है। महिला सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए प्रशासन, सामाजिक संगठनों व समाज को मिलकर कार्य करना होगा। महिला सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। हरियाणा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर दुर्गा शक्ति ऐप बनाई गई है। जिसके माध्यम से पुलिस को तुरंत घटना की सूचना तथा लोकेशन मिल जाती है तथा पुलिस तुरंत पीड़ित के पास पहुंच कर उसको सुरक्षा उपलब्ध कराती है। महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है जिसमें पुलिस, सामाजिक संगठन व ऑटो चालक मिलकर काम करेंगे। ऑटो रिक्शा चालक दिन-रात शहर के सड़कों पर घूमते है। वे रोहतक पुलिस की आंख व कान बनकर अपराध की रोकथाम व अपराधियों को पकड़वाने में विशेष भूमिका अदा कर सकते हैं। खासकर रात्रि के समय ऑटो में सवार होने वाली महिलाओं को सुरक्षित सफर कराने व सुरक्षित स्थान तक पहंचाने में उनकी हर संभव सहायता करे। महिला के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करे। रोहतक पुलिस महिला सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

बैठक में श्रीनारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट से सोमबीर शर्मा, मंदीप राठी, सड़क सुरक्षा संगठन से सुभाष गुप्ता, भाजपा नेत्री सुमिता भाटिया, रमेश कुमार व अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व ऑटो रिक्शा चालक मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर
02-Jul-2019
null Page 6

**पहल •** महिला सुरक्षा को लेकर ऑटो रिक्शा चालकों के साथ बैठक का आयोजन

# ऑटो रिक्शा में भद्दे गाने न बजाने की दी हिदायत

भास्कर न्यूज | रोहतक

श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट और रोहतक पुलिस ने पुलिस लाइन में ऑटो रिक्शा यूनियन के साथ बैठक की। इसमें एएसपी मकसूद अहमद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध और छेड़खानी जैसे मामलों से निजात पाने के लिए एएसपी मकसूद अहमद ने ऑटो रिक्शा चालकों से सहयोग मांगा। इस दौरान सभी की सर्वसम्मति से सुरक्षा व्यवस्था पर कई प्रस्ताव पास किए गए। संचालन श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय सलाहकार विपुल शर्मा ने किया। वरिष्ठ अध्यापक रमेश कुमार ने युवाओं और ऑटो रिक्शा चालकों को महिलाओं को अपनी बहन-बेटी की तरह सम्मान देने की बात कहीं। इसके बाद एएसपी ने ऑटो रिक्शा पर सुरक्षा संबंधी पोस्टर लगाकर पौधरोपण भी किया।



महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ऑटो रिक्शा पर पोस्टर लगाते एएसपी मकसूद अहमद।

**ये हुए प्रस्ताव पास :**

महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए ऑटो रिक्शा पर लगाए गए पोस्टर न उतारे जाए। पोस्टर केवल रेजिस्टर्ड ऑटो रिक्शा पर लगाए जाएंगे। ऑटो रिक्शा में भद्दे गाने न चलाए जाए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक के संदेश से एप का प्रचार करें। शाम साढ़े 6 बजे के बाद महिला यात्रियों को सुनसान व असुरक्षित रास्ते पर अकेला न उतारे। ऑटो रिक्शा के अंदर सामने वाले शीशे पर चालक का नाम, मोबाइल नंबर, और रिक्शा का नाम भी लिखवाए। ऑटो रिक्शा में एक तरफ नो एंट्री करवाए।

Scanned with CamScanner

# ऑटो पर दुर्गा शक्ति एप के लगाए जाएंगे साढ़े 12 हजार पोस्टर

- **महिला सुरक्षा को लेकर ऑटोरिक्शा चालकों के साथ बैठक का आयोजन**
- **हर ऑटो पर होगा चालक का नाम व मोबाइल नम्बर**





*महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधिकारी व ऑटो पर दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर लगाते हुए पुलिस अधिकारी।*

रोहतक, 1 जुलाई (किन्हा): रोहतक पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग-अलग तरह के जागरूकता कार्यक्रम तथा कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रोहतक पुलिस द्वारा श्री नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के सहयोग से ऑटोरिक्शा चालकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक रोहतक मकसूद अहमद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की है। उन्होंने महिला सुरक्षा के विषय पर ऑटोरिक्शा चालकों को जागरूक किया तथा पुलिस को सहयोग करनी की अपील की है। बैठक में दुर्गा शक्ति एप के साढ़े 12 हजार पोस्टर लगाने जाने का फैसला लिया गया है। मुख्यातिथि ने ऑटो पर पोस्टर लगाकर अभियान की शुरूआत की है। मुख्यातिथि द्वारा पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण भी किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक रोहतक मकसूद अहमद ने कहा कि महिला सुरक्षा एक संवेदनशील विषय है।

महिला सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करनी की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए प्रशासन, सामाजिक संगठनों व समाज को मिलकर कार्य करना होगा। महिला सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। हरियाणा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर दुर्गा शक्ति एप बनाई गई है जिसके माध्यम से पुलिस को तुरंत घटना की सूचना तथा लोकेशन मिल जाती है तथा पुलिस तुरंत पीड़ित के पास पहुंचकर उसको सुरक्षा उपलब्ध कराती है।

महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है जिसमें पुलिस, सामाजिक संगठन व ऑटो चालक मिलकर काम करेंगे। ऑटोरिक्शा चालक दिन-रात शहर के सड़क पर घूमते हैं। वे रोहतक पुलिस की आंख व कान बनकर अपराध की रोकथाम व अपराधियों को पकड़वाने में विशेष भूमिका अदा कर सकते हैं। खासकर रात्रि के समय ऑटो में सवार होने वाली महिलाओं को सुरक्षित सफर कराने व सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में उनकी हरसंभव सहायता करे। महिला के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करे। रोहतक पुलिस महिला सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। बैठक में नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट से सोमबीर शर्मा, मंदीप राठी, सड़क सुरक्षा संगठन से सुभाष गुप्ता, हैप्पी जांगड़ा, समाजसेवी सुमिता भाटिया, रमेश कुमार व अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व ऑटोरिक्शा चालक मौजूद रहे है।



Scanned with CamScanner

किसी भी कार्यक्रम की फोटो और जानकारी व्हाट्सएप पर भेजें : 7617566173 • ईमेल करें : roh-cityreporter@roh.amarujala.com
अमर उजाला

# महिला सुरक्षा के प्रति दस से जागरूकता अभियान

रोहतक। नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट व पुलिस के सहयोग से महिला सुरक्षा के प्रति दस जुलाई से जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। महिला सुरक्षा के प्रति विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस के साथ मिलकर महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान दस जुलाई से शुरू करने जा रहे है। इस अभियान में पुलिस का पूरा सहयोग मिल रहा है। शहर की आटों पर महिला सुरक्षा व दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर चस्पा करवा दिए गए है। नुक्कड़ नाटक के द्वारा भी महिलाओं को जागरूक किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

किसी भी कार्यक्रम की फोटो और जानकारी व्हाट्सएप पर भेजें : 7617566173 • ईमेल करें : roh-cityreporter@roh.amarujala.com
अमर उजाला

## अमर उजाला के ट्री आफ लाइफ कार्यक्रम के तीसरे चरण में पॉलीथिन पर रोक को लेकर आयोजित संवाद में बोले बुद्धिजीवी

# बेफिक्र लोग आज नहीं जागे तो संकट भरा होगा कल

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। क्या गलत है और क्या सही? यह इंसान बखूबी जानता है। मगर स्वार्थ के वशीभूत हो गलतियों पर गलतियां कर रहा है। इससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। हिम ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। इसका असर इंसान के जीवन पर पड़ रहा है फिर भी फिक्र नहीं। वैसे अभी तो जागरूकता से गलतियों को सुधारा जा सकता है। यदि नहीं, चेते तो आने वाला कल गंभीर संकट भरा होगा और सुधार की गुंजाइश भी खत्म हो जाएगी। ये बातें अमर उजाला के ट्री ऑफ लाइफ कार्यक्रम के तीसरे चरण में बुधवार को पॉलिथीन पर रोक को लेकर आयोजित संवाद कार्यक्रम में शहर से आए बुद्धिजीवियों ने कही।

तेजी से बढ़ रहे पर्यावरण असंतुलन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अमर उजाला लगातार प्रयास कर रहा है। जिसके तहत ट्री ऑफ लाइफ कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें कालोनियों के पार्कों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोगों को एक पौधा लगाने और उसको भली भांति पल्लवित करने की शपथ दिलाई जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को आईएमटी स्थित कार्यालय में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका ज्वलंत विषय पॉलीथिन पर रोक कैसे लगे... रहा। इसमें शहर के सामाजिक, व्यावसायिक, स्वयंसेवी, चिकित्सा, शिक्षक, शिक्षण संस्थान संचालक आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

लोगों ने कहा कि यह बात सही है कि आज के बच्चे बड़ों की तुलना में काफी जागरूक हैं। वह समय-समय पर टोकते भी रहते हैं, लेकिन बड़ों की आदतों में कम ही सुधार होता है। सभी ने कहा कि यदि पॉलिथीन के प्रयोग को रोका जाए तो काफी हद तक पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी सुधरेगी। एकजुटता से आह्वान किया गया कि अब हम सभी अपने घर से पॉलीथिन के खिलाफ कदम उठाएंगे। अब न हम और न हमारा परिवार पॉलिथीन को इस्तेमाल करेगा।

इसके अलावा आसपास के लोगों को भी पॉलिथीन के अभिशाप के बारे में जागरूक करेंगे। कुछ लोगों ने तर्क दिया कि समाज में समूल रूप से पॉलीथिन का इस्तेमाल बंद नहीं किया जा सकता है क्योंकि अब यह किसी न किसी रूप में अपरिहार्य बन गई है। इस पर कुछ लोगों ने तर्क देते हुए कहा कि ऐसा नहीं हैं, पॉलिथीन को पूरी तरह से उपयोग के बाहर किया जा सकता है। वर्तमान हिमाचल के अंदर पॉलिथीन का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं होता। सवाल दागा कि क्या वहां लोगों का काम नहीं चल रहा है। लोग घरों से कैरी बैग लेकर निकलते हैं। चूंकि लोगों को कपड़े का कैरी बैग ले जाने में हिचक कहें या शर्म लगती तो वह खाली हाथ ही बाजार जाना पसंद करते हैं। ऐसे में मजबूरन पॉलिथीन में ही सामान लेकर आएंगे। लोगों ने कहा कि पॉलिथीन का इस्तेमाल तभी पूरी तरह से रुक सकेगा जब हम स्वयं इस्तेमाल कर देंगे।




अमर उजाला कार्यालय में पॉलिथीन पर रोक लगाने को लेकर आयोजित संवाद कार्यक्रम में विचार रखते शहर के बुद्धिजीवी।

## बुद्धिजीवी बोले
### ऐसे हो सकता है सुधार

“वर्तमान में पॉलिथीन ने घर-घर पहुंच गई है। यही वजह है कि इसको खत्म करने के लिए घर-घर से ही अभियान छिड़ना चाहिए। यह असंभव नहीं है फिर दृढ़ निश्चय की जरूरत है।
**- विपुल शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता**

जन-जन में जागरूकता पैदा करना ही पॉलिथीन को खत्म करने का एकमात्र हथियार है। जिसके लिए सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे। इसको अकेले नहीं रोका जा सकता है। **- पूजा, एमटीएफसी एनजीओ**

हिमाचल और शिमला में तो लोग कतई पॉलिथीन इस्तेमाल नहीं करते। क्या वहां से लोग अपना काम नहीं करते? सब कुछ हो सकता है मगर जरूरत है तो सिर्फ इसको लेकर जागरूकता की।
**- सोनिया, एमटीएफसी एनजीओ**

पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद करना अहम विषय है मगर उससे भी गंभीर विषय है अब तक प्रयोग में लाई गई पॉलिथीन को खत्म करने का। अब यूज पॉलिथीन चुनौती के रूप में खड़ी है। **-जगदीश, एमटीएफसी एनजीओ**

स्कूल-कालेज के साथ-साथ सरकारी व निजी कार्यक्रमों में भी पॉलिथीन को लेकर जागरूक करने की जरूरत है। जब तक चंहुओर जागरूकता की रोशनी नहीं फैलेगी तब तक मुश्किल होगी।
**-पंकज हुरिया, व्यवसायी**

जिस तरह से रक्तदान को लेकर छेड़ी गई मुहिम रंग ला रही है वैसे ही पॉलिथीन को लेकर मुहिम छेड़ने की जरूरत है। यदि सब साथ आएंगे तो एक दिन यह भी खत्म हो जाएगी।
**-जेपी गौड़, समाजसेवी**

पॉलिथीन को एकसाथ खत्म नहीं किया जा सकता है। हां, धीरे-धीरे सतत प्रयास करने होंगे। पहले प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल रोकना चाहिए। गरीब ठेल वाले के खिलाफ कार्रवाई विकल्प नहीं है।
**महेंद्र सिंह चावला (रूबी) प्रधान केमिस्ट एसोसिएशन**

पॉलिथीन को रोकने के लिए न सिर्फ सामाजिक, व्यवसायिक संगठन बल्कि सरकारी मशीनरी को भी आगे आना चाहिए। बिना सरकारी तंत्र की सहभागिता के रोक थोड़ी मुश्किल है।
**-वीरेंद्र सिंह हुड्डा डायरेक्टर विद्या भारती धामड़**

स्कूली बच्चों को इसको लेकर जागरूक किया जाए। जब बच्चे अपने बड़ों को पॉलिथीन इस्तेमाल करने से रोकेंगे तभी इसका असर होगा। बच्चों इसके लिए काफी अहम कड़ी साबित होंगे।
**-सुनील तोमर,** प्रोजेक्ट हैड आरपी एजूकेशन सोसाइटी

मैं आज से दृढ़ संकल्प लेता हूं कि न सिर्फ अपने प्रतिष्ठान बल्कि घर के अंदर भी पॉलिथीन को नहीं आने दूंगा। अमर उजाला का यह कार्यक्रम मेरी जिंदगी में मोड़ लाना वाला साबित होगा।
**-मोहित एफआरडी जिम**

सबसे पहले हमें प्रण करना होगा कि हम पॉलिथीन इस्तेमाल नहीं करेंगे। जब हम रुकेंगे तभी किसी दूसरे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठा सकेंगे। इसलिए आओ आज ही से पहल करें।
**-भूपेंद्र सिंह मलिक, नवज्योति एजूकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी**

सरकार प्रतिबंध तो कई चीजों पर लगा देती है मगर उसको रोकने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किए जाते। उल्टा सरकारी तंत्र के संरक्षण में उसकी उल्टी महंगे दामों पर बिक्री होती है।
**-श्रीभगवान, जनरल सेक्रेटरी सीएसईआर**

बच्चे पर्यावरण को लेकर काफी जागरूक हैं। बस कमी है तो हम बड़े लोगों में। बच्चे टोकते हैं तो उसको नजरअंदाज कर देते हैं। मगर ऐसा नहीं होना चाहिए।
**-हेमंत बख्शी, समाजसेवी**

पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगना चाहिए। आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा पॉलिथीन का इस्तेमाल भारत में होता है। यह आंकड़ा देशवासियों के लिए काफी चिंता का विषय है।
**-मोहित धनवंतरी, समाजसेवी**

घर से पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद होगा तो निश्चित बाहर भी रोक लगेगी। इसलिए सभी आज ही प्रण करें कि वह पॉलिथीन इस्तेमाल नहीं करेंगे।
**-कीर्ति, एफआरडी जिम**

जागरूकता का सही मकसद तभी साबित होगा जब हम ही सबसे पहले पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद करें। बातें करने से कोई सार्थक परिणाम नहीं आते मगर प्रयास करने से ही होता है।
**-जेपी नारायण,** डायरेक्टर विजेता एकेडमी

जागरूकता को लेकर स्कूलों के साथ-साथ चौराहों-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित होने चाहिए ताकि लोगों को पता चल सके कि पॉलिथीन पर्यावरण के लिए कितनी घातक हो रही है।
**-बलवान शर्मा, विजेता एकेडमी**

सरकारी तंत्र को पॉलिथीन को लेकर जारी किए गए आदेशों का कड़ाई से पालन कराना चाहिए। एक-दो दिन नहीं बल्कि लगातार कार्रवाई होनी चाहिए तभी इसका कोई रिजल्ट सामने आएगा।
**साजन देशवाल, अपना स्टेशनरी के डायरेक्टर**

मैं संकल्प लेता हूं कि न सिर्फ अपने संस्थान बल्कि घर के अंदर भी पॉलिथीन को नहीं आने दूंगा। मैंने आज से ही अपने प्रयासों की शुरुआत कर दी है, निश्चित जल्द अच्छे परिणाम आएंगे।
**सोमवीर शर्मा, चेयरमैन श्रीनारायणी सेना चेरिटेबिल ट्रस्ट**

पॉलिथीन को रोकने के लिए जनता के साथ-साथ सभी सामाजिक, व्यवसायिक संगठनों को एकसाथ प्रयास करने होंगे। बिना सरकारी तंत्र को भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना होगा।
**मनदीप राठी, समाजसेवी**

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

# महिला सुरक्षा को लेकर नारायणी सेना 10 से शुरू करेगी जागरूकता अभियान

रोहतक, 4 जुलाई (स.ह.): नारायणी सेना चैरीटेब्ल ट्रस्ट व पुलिस मिलकर महिला सुरक्षा के लिए विशेष प्लान पर एक साथ काम करने जा रही है और 10 जुलाई से स्कूल-कालेजों में जाकर जागरूकता अभियान शुरू करेंगे। हर लड़की को दुर्गा शक्ति एप डाऊनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही उनको आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए जाएंगे। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने दी। उन्होंने बताया रोहतक पुलिस का उनके इस अभियान में भरपूर सहयोग है और दोनों मिलकर इसके लिए काम करेंगे। जिले की 6 हजार से अधिक आटोरिक्शा पर दुर्गा शक्ति एप के साढ़े 12 हजार पोस्टर लगाने का काम शुरू हो चुका है, जिसमें रोहतक पुलिस पूरा सहयोग दे रही है। महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस और ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जो निर्णय लिए गए हैं, उनको जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस और ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही डाक्यूमैंट्री फिल्म बनाकर तमाम चैनलों पर भी प्रसारित की जाएगी। अभियान के दौरान जिले के अन्य सामाजिक संगठनों को भी इसमें सहयोग के लिए आमंत्रित किया जाएगा। हर लड़की के मन से भय निकालना और उसको मानसिक रूप से मजबूत कर खुद पर आत्मनिर्भर करना ही ट्रस्ट का उद्देश्य है, ताकि वो मुसीबत के समय खुद भी लड़ सके।

Scanned with CamScanner

# छात्राओं को सिखाएंगे आत्मरक्षा के गुर

**रोहतक।** महिला सुरक्षा को लेकर श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट व जिला पुलिस शहर में 8 जुलाई को अभियान चलाएगी। आयोजन की मुख्यातिथि एएसपी डॉ. अंशु सिंगला होंगी। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि दस जुलाई से स्कूल, कॉलेजों में जाकर अभियान की शुरुआत की जाएगी। जहां लड़कियों को हरियाणा पुलिस द्वारा संचालित दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड करने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा उन्हें आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए जाएंगे।

शर्मा ने बताया कि जिले की छ हजार से ज्यादा ऑटो रिक्शाओं पोस्टर्स लगाए जा रहें हैं। महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस और ट्रस्ट के तत्वाधान जो निर्णय लिए गए हैं, उनको जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी ने बताया कि नुक्कड़ नाटकों के जरिए भी महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

# 10 जुलाई से महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान शुरू करेंगे

**रोहतक |** श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट और पुलिस ने महिला सुरक्षा के लिए विशेष प्लान तैयार किया है। इस पर ट्रस्ट और रोहतक पुलिस एक साथ काम करेगी। दस जुलाई से स्कूल कॉलेजों में जाकर जागरूकता अभियान शुरू करेंगे। शहर की हर लड़की को पुलिस की ओर से संचालित दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड करने के लिए बोलेंगे, और उनको आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए जाएंगे। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया पुलिस का उनके इस अभियान में भरपूर सहयोग है। जिले की छह हजार से ज्यादा ऑटो रिक्शा पर साढ़े बारह हजार पोस्टर्स लगाए जा रहे हैं, जिनका काम शुरू भी हो चुका है। महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस और ट्रस्ट की ओर से जो निर्णय लिए गए है, उनको जल्द से जल्द लागू किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

# ऑटो रिक्शा पर लगाए जा रहे दुर्गा शक्ति ऐप के पोस्टर



**रोहतक** | नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट और पुलिस की ओर से महिला पुलिस थाने के सामने ऑटो रिक्शा को रोक कर महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाई गई दुर्गा शक्ति ऐप के प्रचार हेतु पोस्टर्स लगाए गए। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा के नेतृत्व में ट्रस्ट पुलिस के साथ मिलकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति ऐप के प्रचार के लिए काम रही है। मकसद हर महिला को ऐप बारे में पता हो और मुसीबत के समय इसका प्रयोग कर सके। महासचिव मनदीप राठी ने बताया आज 175 से ज्यादा ऑटो रिक्शाओं पर पोस्टर लगाए गए। विकास शर्मा, अंकित, हर्ष मलिक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# नारायणी सेना ने ऑटो रिक्शा पर लगाए दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर



*आटो रिक्शा पर दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर लगाते नारायणी सेना के सदस्य व पुलिसकर्मी।*

रोहतक, 10 जुलाई (स.ह.): नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट और रोहतक पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में महिला पुलिस थाने के सामने ऑटो रिक्शा को रोककर हरियाणा पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाई गई दुर्गा शक्ति एप के प्रचार हेतु पोस्टर्स लगाए गए। अभियान का निर्देशन रोहतक पुलिस व नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा के नेतृत्व में चल रहा है।

नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए काम रही है ताकि हर लड़की, महिला को एप के बारे में पता हो और मुसीबत के समय इसका प्रयोग कर सके। महासचिव मनदीप राठी ने बताया कि आज 175 से ज्यादा ऑटो रिक्शा पर पोस्टर लगाए गए। जल्द ही जिले की सभी ऑटो रिक्शा पर पोस्टर लगा दिए जाएंगे। इस मौके पर विकास शर्मा, अंकित, हर्ष मलिक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner



रोहतक। एसपी को सम्मान देते हुए ट्रस्ट के सदस्य।

# 23 को होगी महिला सुरक्षा पर पुलिस लाइन में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा से मिले। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर पुलिस अधीक्षक का सम्मान किया। अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने ट्रस्ट द्वारा जा रहे दुर्गा शक्ति ऐप के प्रचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पोस्टर का सैंपल दिखाया। उन्होंने महिला सुरक्षा को लेकर 23 जुलाई को पुलिस लाइन में होने वाले आयोजन के लिए एसपी को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया। जिसमें जिले की अन्य संस्थाओं को भी आमन्त्रित किया जा रहा है। ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी ने बताया कि 23 जुलाई को होने वाले आयोजन में जिले की सभी संस्थाओं से महिला सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श होगा। जिसमें सभी स्कूल कॉलेजों में जाकर छात्राओं को दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी जाएगी और आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए जाएंगे। इस मौके पर अध्यक्ष सोमबीर शर्मा, महासचिव मनदीप राठी, सड़क सुरक्षा संगठन से वरिष्ठ अधिकारी पवन अरोरा मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर

19-Jul-2019
null Page 1

# महिलाओं की सुरक्षा पर 23 को बैठक

**महिलाओं के लिए खास खबर**

**रोहतक** | श्रीनारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी गुरुवार को एसपी राहुल शर्मा से मिले। अध्यक्ष सोमवीर शर्मा ने एसपी राहुल शर्मा को ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा को लेकर 23 जुलाई को पुलिस लाइन में होने वाले बैठक के लिए एसपी को बतौर मुख्यातिथि के रूप में आमन्त्रित किया। ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी ने बताया कि बैठक में जिले की संस्थाओं से महिला सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। जिसमें जिले के स्कूल कॉलेजों में जाकर छात्राओं को दुर्गा शक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर सड़क सुरक्षा संगठन से वरिष्ठ अधिकारी पवन अरोरा भी मौजूद रहे।



Scanned with CamScanner

# महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में बैठक 23 को



*पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा से मिलते नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के सदस्य।*

रोहतक, 18 जुलाई (स.ह.): महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी वीरवार को पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा से मिले।

ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा को ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे दुर्गा शक्ति एप के प्रचार बारे विस्तार से जानकारी दी और पोस्टर का सैम्पल दिखाया। महिला सुरक्षा को लेकर 23 जुलाई को पुलिस लाइन में होने वाले आयोजन के लिए बतौर मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया जिसमें जिले की सभी संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है। ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी ने बताया कि 23 जुलाई को होने वाले आयोजन में जिले की सभी संस्थाओं से महिला सुरक्षा को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी स्कूल-कालेजों में जाकर छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप के बारे में जानकारी दी जाएगी और आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए जाएंगे। इस मौके पर अध्यक्ष सोमबीर शर्मा, महासचिव मनदीप राठी और सड़क सुरक्षा संगठन से वरिष्ठ अधिकारी पवन अरोड़ा मौजूद रहे।



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

# दिल्ली बाईपास से सुरक्षित गुजर सकेंगे स्कूली बच्चे



बॉटनर संस्था ने विशेष अभियान चलाकर दिल्ली बाईपास पर ट्रैफिक नियमों के तहत बनाई पेंटिंग।

**माई सिटी रिपोर्टर**

**रोहतक।** शहर के सुखपुरा चौक, बस स्टैंड व सेक्टर एक के बाद अब दिल्ली बाईपास भी स्कूली बच्चों के आवागमन के लिए सुरक्षित होगा। इसके लिए पुलिस व बॉटनर संस्था ने विशेष अभियान छेड़ा है। इसके तहत दिल्ली बाईपास को ट्रैफिक नियमों के तहत सजाया जा रहा है। बॉटनर फाउंडेशन की परियोजना के तहत रोहतक पुलिस, नगर निगम व नासकॉम फाउंडेशन भी इस मुहिम में योगदान कर रही हैं। विश्व संसाधन संस्थान भारत की ओर से संस्था को आमंत्रित किया गया है।

परियोजना के तहत संस्था शहर में मौजूदा सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार करेगी। बच्चों को यात्रा करने के लिए सुरक्षित मार्ग मुहैया कराने के उद्देश्य से यह प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में तीसरे हस्तक्षेप में दिल्ली बाईपास (राजीव चौक) का शंकु व बेरिकेड्स के जरिए सौंदर्यीकरण शुरू किया गया है। इसके तहत सड़क पेंटिंग का काम भी किया जा रहा है।

Scanned with CamScanner

# दिल्ली बाईपास पर चलेगा बॉटनार प्रोजेक्ट

**जागरण संवाददाता, रोहतक :** स्विट्जरलैंड के बॉटनार फाउंडेशन की तरफ से सेक्टर-1 के टी-प्वाइंट पर चल रहा ट्रॉयल भी सफल हो गया है। लगातार दो स्थानों पर ट्रॉयल सफल होने के बाद दिल्ली बाईपास पर ट्रॉयल शुरू किया है। 15 दिन के ट्रॉयल के दौरान यहां से गुजरने वाले वाहनों की संख्या के बारे में डाटा जुटाया जाएगा। फिर अन्य स्थान पर ट्रॉयल शुरू किया जाएगा।

दरअसल, स्विट्जरलैंड के बॉटनार फाउंडेशन ने वर्ष 2013 में रोहतक का चयन किया था। जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी विश्व संसाधन संस्थान को दी गई है। प्रोजेक्ट के तहत शहर के कुछ मुख्य चौकों को इस तरीके से डिजाइन किया जा रहा है, जिससे स्कूली बच्चे सुरक्षित सफर कर सकें। प्रोजेक्ट के अंतर्गत फरवरी माह में पहला ट्रॉयल नए बस स्टैंड और दूसरा ट्रॉयल इस माह छह जुलाई को सेक्टर-1 के टी-प्वाइंट पर शुरू किया गया था। विश्व संसाधन संस्थान के रिसर्च कंसलटेंट निशांत भटनागर ने शहर की 13 किलोमीटर सड़क का इसके लिए चयन किया गया था। इसमें सुखपुरा चौक, शीला बाईपास चौक, राजीव चौक, मेडिकल मोड़ और नए बस स्टैंड चौक समेत कई अन्य शामिल हैं। दिल्ली बाईपास पर 20 दिनों तक ट्रॉयल चलाया जाएगा। इसके बाद लोगों की फीडबैक ली जाएगी। यदि यहां पर ट्रॉयल सफल होता है तो अन्य स्थान पर ट्रॉयल किया जाएगा।



दिल्ली बाईपास रोड पर रंगाई के बाद बना दी राह। • जागरण

## खास बातें

- बॉटनार फाउंडेशन की तरफ से चलाया जा रहा है प्रोजेक्ट
- इससे पहले नए बस स्टैंड पर भी सफल हो चुका है ट्रॉयल
- प्रोजेक्ट का उद्देश्य, स्कूली बच्चे सड़क पर कर सकेंगे सुरक्षित सफर

Scanned with CamScanner

# सड़कों को सुरक्षित करने के लिए अभियान चलाया...



रोहतक। बोटनार कम्पनी द्वारा सड़कों को हादसों से सुरक्षित करने के लिए जोरशोर से अभियान चलाया जा रहा है। शहर के चौक चौराहों पर ऐसे प्रबंध किए जा रहे हैं, जिससे हादसे न हों। कम्पनी का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों, किशोर के साथ होने वाले हादसों में कमी लाना है। शहर के नया बस अड्डा, शीला बाईपास, दिल्ली बाईपास, मेडिकल मोड़ क्षेत्र में खतरनाक मोड़, चौराहों पर बेरिकेटस लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा कई जगह चित्रकला भी की गई हैं। कम्पनी हर उस समय जगह काम कर रही है जहां शहर में सबसे ज्यादा हादसे होते हैं।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर
24-Jul-2019
null Page 3



# स्टूडेंट्स के सुरक्षित सफर को दिल्ली बाईपास चौक का डिजाइन बदला, 12 जगह और होगा प्रयोग

भास्कर न्यूज | रोहतक

शहर के कई रोड छात्रों के सफर के लिहाज से सुरक्षित नहीं है। प्रशासन की ओर से कराए एक सर्वे में सामने आया है कि शहर की सड़कों पर टीन एज स्टूडेंट्स को पैदल, साइकिल पर आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बढ़ते ट्रैफिक लोड और यातायात नियमों की सही पालना न होने से ये परेशानी सबसे ज्यादा है। ऐसे में अब प्रशासन ने शहर की सड़कों को स्टूडेंट्स के सफर के लिहाज से सुरक्षित करने के लिए मास्टर प्लान बनाया है। इस प्लान के तहत शहर में 12 ऐसे प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं जहां सबसे ज्यादा दिक्कत है। दरअसल प्रशासन ने कुछ दिन पहले परियोजना फाउंडेशन बॉटनार के माध्यम से एक सर्वे कराया था। बॉटनार सर्वे के बाद शहर के ट्रैफिक वॉयलेंस के लिहाज से सबसे सेंसिटिव प्वाइंट पर सेफ्टी प्वाइंट को डिजाइन कर रही है।

## 5 स्कूलों के बच्चों के साथ किया सर्वे

बॉटनार फाउंडेशन की ओर से शहर के पांच स्कूलों के छठी से 12 वीं कक्षा के स्टूडेंट्स को साथ लेकर पूरे शहर के रोड का सर्वे किया। सर्वे में छात्रों ने विभिन्न रोड पर 12 ऐसे प्वाइंट बताए, जिन पर छात्रों को पैदल और साइकिल पर आने में परेशानी होती है। सर्वे में अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल, एमडीएन स्कूल, एसआरएस सीनियर सकेंडरी स्कूल, स्वामी नित्यानंद पब्लिक स्कूल, सैनी पब्लिक स्कूल के छठी से 12 वीं कक्षा तक के छात्रों को बॉटनर फाउंडेशन ने अपने साथ रखा।

### 15 दिन तक अस्थाई बैरिकेड्स लगाकर चलेगा ट्रायल प्रोजेक्ट

स्टूडेंट्स के लिए शहर की सड़कों को सुरक्षित करने के लिए बॉटनार फाउंडेशन काम कर रही है। दिल्ली बाईपास का इसके सेकंड फेज के लिए चयन किया गया है। इस पर मंगलवार को काम पूरा भी हो गया। प्रोजेक्ट के तहत शंकु और बैरिकेड्स का उपयोग करके अस्थायी स्थापना और चौराहे पर सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है। चौराहे का नया डिजाइन यातायात की गति को व्यवस्थित बनाने और पैदल चलने वालों को सेफ रखना है।

### स्टूडेंटस के सफर के लिए इन रोड प्वाइंट पर खतरा

बॉटनार के सर्वे में सामने आया कि शहर के सुखपुरा चौक, सैनीपुरा चौक, बसस्टैंड के पास राजीव गांधी स्टेडियम रोड, राजीव चौक, सेक्टर एक चौक, एमडीयू गेट नंबर एक और दो, मेडिकल मोड, सरकुलर रोड, सुभाष चौक, सोनीपत स्टैंड, अंबेडकर चौक, कैनाल रेस्ट हाउस चौक पर स्कूल में जाते वक्त गाड़ियों के बीच से साइकिल निकालते या फिर पैदल जाते वक्त परेशानी होती है। ऐसे में उनको मजबूरन बस और ऑटो रिक्शा से ही स्कूल से घर तक का सफर करना पड़ता है।


रोहतक के दिल्ली बाईपास चौक पर बॉटनार फाउंडेशन की ओर से डिजाइन बदलने के लिए लगाए गए बैरिकेड्स।

Scanned with CamScanner

# हर महिला निर्भय होकर जीवन यापन करे: शर्मा

रोहतक। वीरवार को श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक सोमबीर शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा और रोहतक पुलिस के सहयोग से अब तक जिले की ऑटो रिक्शाओं तथा चार थाने और चौकियों में दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए पोस्टर और फ्लेक्स लगाए गए हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार से रोहतक पुलिस के साथ स्कूल कॉलेजों में जाकर छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप के बारे में बताया जाएगा । जिला अध्यक्ष अंकित दुहन ने बताया कि इसके साथ ही जिले में सरकारी विभाग या निजी कार्यरत महिलाओं को भी जाकर दुर्गा शक्ति एप के बारे में जानकारी दी जाएगी।

Scanned with CamScanner

# हर महिला निर्भय होकर जीवन यापन करे : सोमबीर

रोहतक, 25 जुलाई (स.ह.): नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक वीरवार को सोमबीर शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विचार-विमर्श किया गया। नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट व रोहतक पुलिस के सहयोग से अब तक जिले में ऑटोरिक्शा व जिले के 4 बड़े थाने और चौकियों में दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए पोस्टर एवं फ्लैक्स लगाए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शुक्रवार से पुलिस के साथ स्कूल कालेजों में जाकर छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप के बारे में जागरूक किया जाएगा और इसको डाऊनलोड करवाया जाएगा। जिला अध्यक्ष अंकित दुहण ने बताया कि जिले में सरकारी विभाग या निजी कार्यरत महिलाओं को भी जाकर दुर्गा शक्ति एप के बारे में जानकारी दी जाएगी और आपात स्थिति में इसको सेवा में लेने के लिए कहा जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने कहा कि पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में महिला सुरक्षा और जिले में सब कुछ ठीक से रहे, उसके लिए पुलिस दिन-रात लगी रहती है, इसलिए रोहतक पुलिस को नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट हमेशा सहयोग करती रहेगी।

Scanned with CamScanner

## सिटी हलचल

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर की बैठक

रोहतक : श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सोमबीर शर्मा ने की। बैठक में जिले की महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बातचीत की गई। ट्रस्ट द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर रोहतक पुलिस के सहयोग से ऑटो रिक्शा तथा जिले के चार बड़े थाने व चौकियों में दुर्गा शक्ति एप के प्रचार के लिए पोस्टर व फ्लेक्स लगाए गए। बैठक में ट्रस्ट सदस्यों ने निर्णय लिया शुक्रवार से रोहतक पुलिस के साथ स्कूल व कालेजों में जाकर छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप के बारे में बताया जाएगा। जिला अध्यक्ष अंकित दुहन ने बताया कि इसके साथ ही जिले में सरकारी विभाग या निजी कार्यरत महिलाओं को भी दुर्गा शक्ति एप की जानकारी दी जाएगी। जिसकी आवश्यकता पड़ने पर उन्हें फायदा मिल सके। सोमबीर शर्मा ने समाज का विकास करने के लिए महिलाओं की अहम भूमिका होती है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से महिला सुरक्षा करने में काफी सहायता मिल रही है। (जासं)

Scanned with CamScanner

# पुलिस संग नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट ने चलाया दुर्गा शक्ति अभियान



*स्कूल में विद्यार्थियों को दुर्गा शक्ति एप के बारे में जानकारी देते ए.एस.आई. नफे सिंह व ट्रस्ट के सदस्य।*

रोहतक, 26 जुलाई (स.ह.): पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा के दिशा-निर्देशों के अनुसार शुक्रवार को रोहतक पुलिस और नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट ने गांव चुलियाना स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय और ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल में बच्चों व महिला सुरक्षा को लेकर दुर्गा शक्ति एप के इस्तेमाल हेतु जागरूक किया। खरावड़ पुलिस चौकी प्रभारी ए.एस.आई नफे सिंह ने ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा संग स्कूल के विद्यार्थियों को हरियाणा पुलिस द्वारा संचालित दुर्गा शक्ति एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला मुसीबत के समय में दुर्गा शक्ति एप को इस्तेमाल में लेकर किस प्रकार से आत्मरक्षा कर सकती है। स्कूल की सभी अध्यापिकाओं ने भी दुर्गा शक्ति एप को डाऊनलोड किया और इसके इस्तेमाल के लिए जानकारी ली। इसके साथ-साथ ए.एस.आई. नफे सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और किस प्रकार नशे से बचा जा सकता है, इसके लिए बच्चों को जागरूक किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में लगातार स्कूल कालेजों में जाकर दुर्गा शक्ति एप के प्रचार और नशा मुक्त हरियाणा अभियान पर काम किया जा रहा है। मौके पर ट्रस्ट के महासचिव मनदीप राठी सहित दोनों स्कूलों के प्राचार्य और अध्यापक स्टाफ मौजूद रहा।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर

27-Jul-2019
null Page 4

# छात्रों को दुर्गा शक्ति एप व नशे के खिलाफ किया जागरूक



**रोहतक** |पुलिस की ओर से चलाए गए विशेष जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को आईएमटी थाना प्रभारी प्रमोद गोतम ने टीम सहित गांव चुलियाना के सरकारी स्कूल व गांव रूड़की के डीआर पब्लिक स्कूल, प्रभारी थाना पुरानी सब्जी मंडी ने किला रोड पर पीटी हाई स्कूल, प्रभारी थाना अर्बन एस्टेट निरीक्षक नीरज कुमार ने स्वामी नितानन्द स्कूल का दौरा कर छात्रों को दुर्गा शक्ति ऐप व नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। मदीना के रामकृष्ण परमहंस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दुर्गा शक्ति टीम ने विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इस दौरान स्कूल निदेशक रवीन्द्र दांगी व उप प्राचार्या नेहा चुघ मौजूद रहे। एएसपी डॉ. अंशु सिंगला ने बताया कि अपराध को खत्म करने के लिए यह जरूरी है कि लोगों को अपराध व उसकी रोकथाम तथा अपराध को खत्म करने के लिए प्रशासन की ओर से किए जा रहे कार्यों बारे लोगों को जागरूक किया जाए।

Scanned with CamScanner

## ताकी सभी सेफ रहें...

# सड़कों पर ट्रैफिक नियम उकेर रहीं चार बेटियां

### रात 12 से तीन बजे तक पेंट व ब्रश लेकर सड़कों पर उतरती हैं बॉटनर संस्था से जुड़ी बेटियां, पिता और पति भी दे रहे साथ

निशा ढुल

रोहतक। शहर की सड़कें आवागमन के लिए सुगम व सुरक्षित हों। बच्चे व बुजुर्ग किसी अनहोनी का शिकार न बनें।

यह सोच है शहर की चार जागरूक बेटियों की। अपनी इस सोच को साकार बनाने के लिए वे पिछले चार दिन से जुटी हुई हैं। राजीव चौक (दिल्ली बाईपास) पर हाथों में पेंट व ब्रश लेकर खुद ट्रैफिक नियम उकेर रही हैं। ये बेटियां अपने दैनिक जीवन से रात 12 से तीन बजे तक तीन घंटे इसी काम में लगा रही हैं। ही हैं। उनके इस अभियान में किसी का पति तो किसी के पिता भी रात भर जाग रहे हैं। इन बेटियों की समाज के प्रति सोच को लेकर अमर उजाला ने बातचीत की तो उनकी यह सोच सामने आई। आइए आपको भी इससे रूबरू कराएं। दरअसल, पुलिस, नगर निगम व प्रशासन ने बॉटनर संस्था के साथ मिलकर शहर के एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत शहर की सड़कों को सुरक्षित व आवागमन सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान का फोकस फिलहाल मुख्य चौराहे व भीड़ भरे इलाके के स्कूलों के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनान पर है।



रात करीब दो बजे सड़क पर ट्रैफिक नियमों से जुड़ी पेंटिंग करते सदस्य।

### संस्था ने शहर के भीड़भाड़ वाले 12 स्थान किए चिह्नित, सुखपुरा चौक से की मुहिम की शुरुआत

संस्था ने शहर के 12 स्थानों को अभियान के तहत चिह्नित किया है। इसी कड़ी में सुखपुरा चौक व बस स्टैंड के बाद अब दिल्ली बाईपास पर ट्रैफिक नियमों की पालना सुनिश्चित करने का प्रयास शुरू किया है। इसके तहत रोहतक की चारों बेटियां देर रात घर का काम निपटा कर अपनी सोच को साकार बनाने निकलती हैं। इनका मानना है। शहर की सड़कें स्कूली बच्चों व बुजुर्गों के लिए अनसेफ हैं। ऐसे में हादसों का डर बना रहता है। इनसे निपटा जा सकता है। इसके लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों के तहत सड़क चलने व चौराहों से गुजरना होगा। नियम तोड़ कर चलने से हादसे ही होंगे। इसीलिए संस्था ने लोगों को नियमों का पालन करने की आदत डालने की मुहिम छेड़ी है।

## घर के साथ-साथ निभा रहीं सामाजिक जिम्मेदारी

### स्कूटी सवार बुजुर्ग सामने गिरा तो ट्रैफिक नियमों के प्रति हुई संजीदा



ये करीब एक महीने पहले की बात है। दिल्ली बाईपास पर एक कार ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को गिराकर दिया। सड़क पर गिरे इस बुजुर्ग को उठाने कोई सामने नहीं आया। मैंने सहेली के साथ इसे व स्कूटी को उठाया। घायल बुजुर्ग को पानी पिलाया। यहीं से मेरा मन ट्रैफिक नियमों के प्रति संजीदा हुआ। मैं नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट से हाल ही में जुड़ी हूं। ट्रस्ट का बॉटनर संस्था के साथ मिलकर ट्रैफिक संबंधी अभियान का पता लगा तो मैं भिवानी घर से रोहतक आ गई। - निकिता शर्मा, एमडीयू छात्रा।

### जाम में फंसे बच्चों को देख लोगों को जागरूक करने का आया विचार



मैं एक शिक्षिका हूं। बच्चों को अक्सर ट्रैफिक जाम में फंसा देखती हूं। वे बेबस घर या स्कूल जाने का इंतजार करते रहते हैं। सड़क पार करना तो और भी मुश्किल होता है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसों का डर बना रहता है। यही देखकर बॉटनर संस्था के ट्रैफिक अभियान से जुड़ी हूं। दिल्ली बाईपास पर स्कूली बच्चे व पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित पथ मुहैया कराने का प्रयास चल रहा है। इसके लिए अपने परिजनों के साथ रात को टीम का हाथ बंटा रही हूं। रूबिया भारती, सेक्टर 14, रोहतक।

### गांव में ही पैदल चलना मुश्किल शहर में तो और बढ़ जाता है रिस्क



मैं ईस्माइला की हूं। गांव में ही काफी ट्रैफिक रहता है। शहर में तो रिस्क और बढ़ जाता है। बेतरतीब सड़कों पर खड़े वाहन, तेज रफ्तार व लापरवाही ड्राइविंग करने वाले कभी भी हादसा कर सकते हैं। ऐसे में ट्रैफिक नियमों की पालना जरूरी बन जाती है। इसीलिए बॉटनर संस्था के अभियान का अपनाया है। अब पिछले चार दिनों से पति के साथ रात को दिल्ली बाईपास पर नियमों के तहत व्यवस्था बनाने जा रही हूं। - ज्योति शर्मा, गृहणी, इस्माईला।

### गलती की माफी नहीं देता है सड़क हादसा, सिर्फ सजा मिलती है



मैं आईटीआई में इंस्ट्रक्टर हूं। शहर की सड़कें बच्चों व बुजुर्गों के लिए चलने लायक नहीं रह गई हैं। सड़क पर चलते समय वाहन चालक की गलती किसी को माफी नहीं देती है। नियम तोड़कर चालक पुलिस के चालान से बच सकता है, मगर सड़क पर की गलती पर बचने की गुंजाइश नहीं है। इसलिए नियमों की पालना जरूरी है। यही सबक औरों को समझा सकूं, इसलिए शहर में शुरू हुई ट्रैफिक अभियान से जुड़ी हूं। - शिवानी, इंस्ट्रक्टर, आईटीआई।

Scanned with CamScanner

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, जुलाई 29, 2019

तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

13 संयम, सदाचार व पुरुषार्थ से मिलती है सफलता



14 हर पात्र मतदाता सूची में दर्ज करवाएं नामः उपायुक्त



## दुर्गा शक्ति ऐप से मिल रही छात्राओं को मदद

# महिलाओं के खिलाफ अपराधों में रिकॉर्ड कमी

■ महिला थाने में 50 महिला कर्मचारी, दो दुर्गा शक्ति पीसीआर और दो राइडर

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

*महिला थाने में दर्ज रिकार्ड की बात करें तो वर्ष 2018 में कुल 172 मामले सामने आए थे। जिसमें छेड़छाड़ के 19 मामले, दुष्कर्म के 11, पॉक्सो एक्ट के 10 मामले और करीब 132 मामले दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के थे।वर्ष 2019 में अब तक 61 मामले सामने आए हैं। जिनमें छेड़छाड़ के चार ही मामले हैं। दुष्कर्म के 6 केस दर्ज किए गए हैं। पॉक्सो एक्ट के 6 केस दर्ज किए गए हैं। जबकि घरेलू हिंसा के 38 मामले अब तक सामने आए हैं। यह आंकड़े पीछले वर्ष की तुलना में काफी कम है। पिछले वर्ष में 25 जुलाई तक 101 मामले दर्ज हो चुके थे। इससे पूर्व वर्ष 2017 में 200 मामले दर्ज किए गए थे। शिकायतों में करीब 20 से 25 प्रतिशत मामले जांच में झूठे पाए जाते हैं।*

महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश भर में खोले गए महिला पुलिस स्टेशन की बेहतर कार्यप्रणाली के चलते महिलाओं के साथ हो रहे अपराध के मामलों में तेजी से कमी आई है। रोहतक की बात करें तो यहां काफी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। महिला पुलिस की मौजूदगी से महिलाएं जहां सुरक्षित महसूस करती हैं वहीं अपराधियों में भय का माहौल बना है। पिछले तीन साल में छेड़छाड़, दुष्कर्म और घरेलू हिंसा के मामलों में काफी सुधार देखने को मिला है।

प्रदेश सरकार द्वारा अगस्त वर्ष 2015 में शुरु किए गए महिला थाने में 50 महिला कर्मचारी तैनात की गई हैं। जिन्हें एएसपी या डीएसपी स्तर के अधिकारी लीड करते हैं। थाने में दो दुर्गा शक्ति पीसीआर और दो राइडर हैं। पुलिस की टीम सुबह से रात तक शहर के कॉलेज, स्कूल, बाजारों मे गश्त करती हैं। इसके अलावा फरियादी से कॉल मिलने पर मात्र पांच से सात मिनट के अंतराल पर फरियादी के पास पहुंचती हैं। जरूरत पड़ने पर सम्बंधित थाना क्षेत्र की पुलिस की मदद भी ली जाती है।

महिला विरुद्ध अपराध के मामलों में तत्परता से जांच कर जल्द गिरफ्तारी की जाती हैं ताकि पीड़ित महिलाओं को जल्द न्याय दिलवाया जा सके। महिला पुलिस की मुस्तैदी की वजह से ही निरंतर ऐसे मामलों में कमी देखने को मिली हैं। महम, सांपला और कलानौर में भी अलग से महिला कर्मी तैनात की गई हैं।

### तीन विंग कर रही काम

महिला थाने में तीन विंग काम करती हैं। पहला विंग इन्वेस्टिगेशन विंग, दूसरा काउंसलिंग सेंटर और तीसरा कम्युनिटी पुलिसिंग विंग है। सभी विंग अपने अपने स्तर पर अच्छे ढंग से काम कर रहे हैं।




### ऐप से मदद



प्रदेश पुलिस का उद्देश्य है कि हर लड़की, महिला के मोबाइल मे दुर्गा शक्ति ऐप डाउनलोड करवाई जाए ताकि जरूरत के समय उन्हें पुलिस की मदद मिल सके। महिलाओ के प्रति हो रहे अपराध पर पुलिस पूरी तरह से संवेदनशील है। ऐसे मामलो को प्राथमिकता पर लिया जाता है। पुलिस की टीमे स्कूल, कॉलेज मे छात्राओ से मिलकर उन्हे जागरूक करने का भी काम कर रही है।

-राहुल शर्मा, एसपी, रोहतक

### महिला पुलिस मुस्तैद

महिला पुलिस कर्मचारी दिन रात क्षेत्र मे तैनात रहती है। जहा से कॉल आती है तत्काल पीसीआर या राइडर रवाना की जाती है। स्कूल, कॉलेज, बाजारो मे दिन भर गश्त रहती है। महिलाओ के साथ हो रही घटनाओ पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जा रही है। छात्राओ को अगर किसी प्रकार की समस्या है तो वह तुरत हेल्पलाइन नबर पर कॉल कर सकती है।

-कमलेश, महिला थाना प्रभारी

---

my city रोहतक
सोमवार • 29.07.2019 02
किसी भी कार्यक्रम की फोटो और जानकारी व्हाट्सएप पर भेजें : 7617566173 • ईमेल करें : roh-cityreporter@roh.amarujala.com
अमर उजाला

## दुर्गा शक्ति एप के माध्यम से जिले में एक भी मामला नहीं हुआ दर्ज

# 50 में से 12 महिलाएं कॉल कर बोलीं मैं तो सिर्फ एप का रिस्पॉन्स देख रही थी

माई सिटी रिपोर्टर

रोहतक। महिला अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए भले ही पुलिस महकमा दुर्गा शक्ति एप का विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में जाकर प्रचार-प्रसार कर रही हो, मगर पिछले एक साल की बात करें तो एप के जरिए रोहतक में एक भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। मुश्किल से 50 कॉल ही पुलिस के पास पहुंची हैं। इसमें अधिकतर पति-पत्नी के बीच झगड़े के मामले रहे। कुछ सूचनाएं झूठी मिलीं। वहीं, 12 महिलाओं ने कहा कि वह एप पर होने वाले रिस्पॉन्स चेक कर रही थीं।

दुर्गा शक्ति एप का उद्देश्य महिला विरुद्ध अपराधों में कमी लाना था। करीब एक साल पूर्व दुर्गा शक्ति एप की शुरुआत की गई थी। इसके माध्यम से छात्राओं से लेकर महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। सूचना देते ही तुरंत पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेंगी। इसके लिए अलग से दुर्गा शक्ति की पीसीआर भी तैनात की गई हैं, जो सूचना पाते ही मौके पर पहुंचेगी।

इस एप का दूसरा साल शुरु होने के साथ ही पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए दूसरा टास्क निर्धारित किया है। इस टास्क के तहत एक तरफ पुलिस ने हर एक महिला के मोबाइल में इस एप को डाउनलोड कराने का लक्ष्य रखा है, वहीं एप के जरिए आने वाली शिकायतों पर रिस्पांस टाइम न्यूनतम करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रतिदिन सभी थाना पुलिस विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में जाकर छात्राओं और महिलाओं को दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड करने के प्रति जागरूक कर रही है।

पुलिस के आंकड़ों के अनुसार एक साल में रोहतक में एप के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों में केस दर्ज नहीं किया गया है। करीब 50 शिकायतें पुलिस को प्राप्त हुई हैं। जिनमें 70 प्रतिशत से अधिक शिकायत पति और पत्नी के विवाद की है। इनमें पुलिस मौके पर पहुंचती है तो दोनों पक्षों के बीच सुलह हो जाती है।

### एप के बजाए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 और 1091 पर कॉल कर सूचना देना पसंद करती हैं

*“ दुर्गा शक्ति एप का जिले में खूब प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सामाजिक संगठनों का भी प्रचार प्रसार के लिए सहयोग लिया गया है। श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट भी विभिन्न ऑटो पर दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर चस्पा करा रहा है। - राहुल शर्मा, एसपी*

**फैक्ट फाइल**

- रोहतक में दुर्गा शक्ति की गाड़ी : 2
- गाड़ियों पर महिला पुलिसकर्मी : 16
- पुलिसकर्मियों की शिफ्टों में ड्यूटी : 3




### हर महीने 100 से ज्यादा आ रहीं शिकायतें

1091 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 पर हर माह 100 से अधिक महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही है। इनमें से दो या तीन मामलों में पुलिस केस दर्ज कर लेती है बाकि में दोनों पक्षों के बीच सुलह करा दी जाती है।

Scanned with CamScanner

रोहतक केसरी

MONDAY, 29 JULY 2019

ROHTAK KESARI

SMS

Fashion is what seems beautiful now but looks ugly later; art can be ugly at first but it becomes beautiful later.

# संसार के कल्याण के बारे में सोचते हुए पौधरोपण करें

रोहतक| नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमवीर शर्मा ने रविवार को बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य का कर्तव्य है कि वो संसार के संतुलन के लिए कर्म करे। अपने लिए तो हर कोई करता है, लेकिन उत्तम व्यक्ति वहीं है जो संसार के कल्याण के विषय में सोचे। और व्यावहारिक तौर पर भी प्रकृति से इंसान ने सबकुछ पाया है तो सबका भी यही कर्तव्य है कि वो उसके संतुलन के लिए कर्म करे। में सहयोग दे। इस मौके पर कृष्ण, अमन, सागर, प्रदीप और बलराम मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

रोहतक भास्कर
रोहतक | सोमवार 29 जुलाई, 2019 कलानौर • भालोठ • करौंथा • सांघी लाखनमाजरा • महम • सांपला • मदीना dainikbhaskar.com

# जीवन सफल बनाना है तो प्रकृति के संतुलन में सहयोग दें : शर्मा

रोहतक, 28 जुलाई (स.ह.): नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ मिलकर रविवार सुबह पौधारोपण किया। सोमबीर शर्मा ने कहा कि उनको वृक्षों से बहुत प्यार है और अपने घर व खेत में चारों तरफ पौधारोपण किया हुआ है। अपने लिए तो हर कोई करता है लेकिन उत्तम व्यक्ति वहीं है जो संसार के कल्याण के विषय में सोचे और व्यावहारिक तौर पर भी प्रकृति से इंसान ने सब कुछ पाया है तो सबका भी यही कर्त्तव्य है कि वो उसके संतुलन के लिए कर्म करे। आजकल देखने को मिलता है कि छोटे-छोटे बच्चों के मन में वृक्षों के प्रति स्नेह है परंतु इंसान अपने स्वार्थ के लिए उनको नष्ट करने पर लगा हुआ है, जिसके दुष्प्रभाव मनुष्य जाति के साथ-साथ जंगली जानवरों को भी भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और संसार के संतुलन में सहयोग दे। उनको यह प्रेरणा रोहतक पुलिस में तैनात डी.एस.पी. पृथ्वी सिंह से मिली और जल्द ही परहावर गौशाला में 750 पौधे लगाने जा रहे हैं। इस मौके पर बच्चों में कृष्ण, अमन, सागर, प्रदीप और बलराम मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner



# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जागरण संवाददाता, रोहतक : श्री नारायणी सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को रोहतक पुलिस लाइन में पौधारोपण का आयोजन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया ट्रस्ट विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर रहा है। उन्होंने कहा हर किसी को एक पौधा लगाकर जीवन को सफल बनाना चाहिए। सड़क सुरक्षा संगठन के वरिष्ठ अधिकारी पवन अरोड़ा ने कहा ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा पौधारोपण अभियान एक सराहनीय कदम है। इसमें हम सब को बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

Scanned with CamScanner

# टीवी रियलिटी शो से करेंगे प्रेरित

**रोहतक।** श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि जल्द ही ट्रस्ट की तरफ से एक टीवी रियलिटी शो शुरू किया जा रहा है। जिसमें समाज में पीड़ित व दुखी लोग व संघर्षों से न हार मानने वाले लोग जिन्होंने अपनी मेहनत के बल पर विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के सामने एक प्रेरणादाई मिसाल पेश की हो उन्हें शो का हिस्सा बनाया जाएगा। साथ ही उनके मामले की गहनता से जांच करते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई जाएगी। महासचिव मंदीप राठी ने बताया कि जल्द ही शो शुरू करने की तारीख और नाम की घोषणा की जाएगी।

Scanned with CamScanner

# सामाजिक बुराइयों से लड़कर जीतने वालों की बनेगी प्रेरणादायी कहानी : शर्मा

रोहतक, 5 अगस्त (स.ह.): नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट ने अध्यक्ष सोमबीर शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अहम निर्णय लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि जल्द ही ट्रस्ट की तरफ से एक टी.वी. रियलिटी शो शुरू किया जा रहा है, जिसमें हर दिन समाज में पीड़ित व दुखी लोग और संघर्षों से न हार मानने वाले लोग, जिन्होंने अपनी मेहनत के बल पर विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के सामने एक प्रेरणादायी मिसाल शामिल की, उनको शो का हिस्सा बनाया जाएगा। उनके मामले की गहनता से जांच करते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई जाएगी और उन्हें शो की तरफ से जरूरी आर्थिक सहायता भी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि शो का उद्देश्य केवल उन परिवारों से सम्बंधित है जो आपसी छोटी-मोटी कलह या मनमुटाव की वजह से आपसी सम्बंध खराब कर लेते हैं और दूसरे वो ज़िन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने बल पर और अपनी कठिन मेहनत से समाज को एक प्रेरणादायी संदेश दिया है। उनको शो का हिस्सा बनाया जाएगा। दुनिया को उनकी कहानी के माध्यम से यह प्रेरणादायी संदेश दिया जाएगा। महासचिव मंदीप राठी ने बताया कि जल्द ही शो शुरू करने की तारीख और नाम की घोषणा की जाएगी।

Scanned with CamScanner

रोहतक केसरी
SATURDAY, 10 AUG 2019
ROHTAK KESARI

SMS
Concentrate all your thoughts upon the work at hand. The sun's rays do not burn until brought to a focus.

# बड़े हादसों को बुला रहा 3 फीट गहरा गड्ढा

रोहतक, 9 अगस्त (स.ह.): बारिश होने से जिले में कई जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है, ऐसे में यातायात को आने-जाने में दिक्कत के साथ-साथ कई जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जो हादसों को आमंत्रित करते हैं। गत दिवस नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा आई.एम.टी. थाने के पास बोहर पुलिया के करीब से गुजर रहे थे, तभी पानी में बने 3 फीट गहरे गड्ढे में उनकी बाइक फंस गई और वह गिर गए। उनके पीछे से एक ट्रक आ रहा था लेकिन समय पर ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिए, जिसके कारण बड़ा हादसा होने से टल गया।

सुरक्षा इंतजाम सही न होने की वजह से पहले भी वहां ऐसी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सोमबीर ने बताया कि देर रात 9.30 बजे तक वहां से गुजरने वाले वाहनों को इससे अवगत करवाया। एक तरफ पुलिस प्रशासन जिले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बहुत कुछ कर रहा है। सोमबीर ने कहा कि वहां पहले से एक टूटा हुआ बैरिकेट्स लगा हुआ था, पर वो घटना के स्थान पर नहीं था। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाए।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर
24-Aug-2019
Page 4

# दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर हटा निजी कंपनी ने अपने लगाए

**रोहतक** | श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट और रोहतक पुलिस के संयुक्त अभियान में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ऑटो रिक्शाओं पर दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर लगाए गए थे, लेकिन कुछ निजी कंपनियों ने अपने प्रचार के लिए बिना परमिशन के ऑटो रिक्शाओं पर पोस्टर लगाए हैं, जिससे दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर ढके जा रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि एडिशनल एसपी मकसूद अहमद ने योजना के तहत ऑटो रिक्शा चालकों को आदेश जारी किया था कि न तो पोस्टर उतारे जाए और न ही इसके ऊपर दूसरे पोस्टर लगाए जाए, लेकिन निजी कंपनियों ने इसका उल्लंघन किया।

Scanned with CamScanner

# ऑटो पर लगे दुर्गा शक्ति ऐप पोस्टर पर दूसरे विज्ञापन लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

रोहतक। श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट और पुलिस के संयुक्त अभियान में महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऑटो रिक्शाओं पर दुर्गा शक्ति ऐप के पोस्टर लगाए गए थे, लेकिन कुछ निजी कंपनियों ने अपने प्रचार के लिए अधिकतर ऑटो रिक्शाओं पर पोस्टर लगाकर दुर्गा शक्ति ऐप के पोस्टर ढक दिए हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि पुलिस ने योजना के तहत ऑटो रिक्शा चालकों को आदेश जारी किए थे कि न तो पोस्टर उतारे जाएं, और न ही इस पर दूसरे पोस्टर लगाए जाएं। लेकिन निजी कंपनियों ने इसका उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे और नगर निगम को भी सूचना दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आरएसओ टीम और डीएसपी ट्रैफिक के साथ मिलकर ऑटो रिक्शा और दूसरे वाहनों पर लगाई जा रही एलईडी लाइट को उतारा जाएगा।

Scanned with CamScanner

# रोहतक केसरी

SMS

Our greatest glory consists not in never failing, but in rising every time we fall.

SATURDAY, 24 AUG 2019 | ROHTAK KESARI


# दुर्गा शक्ति एप पोस्टर के ऊपर लगाया दूसरा विज्ञापन तो होगी कार्रवाई

## ■ कई ऑटोरिक्शा पर लगा गए थे दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर

रोहतक, 23 अगस्त (स.ह.): नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट व पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऑटोरिक्शा पर दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर लगाए गए थे लेकिन कुछ निजी कम्पनियों ने अपने प्रचार के लिए बिना परमिशन शहर की काफी ऑटोरिक्शा पर पोस्टर लगाए हैं, जिससे दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर ढके जा रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि एडिशनल एस.पी. मकसूद अहमद ने योजना के तहत ऑटोरिक्शा चालकों को आदेश जारी किया था कि न तो पोस्टर उतारे जाएं और न ही इसके ऊपर दूसरे पोस्टर लगाए जाएं। निजी कम्पनियों ने इसका उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि 1 या 2 दिन के अंदर ही पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा के संज्ञान में मामला डालकर दुर्गा शक्ति एप के पोस्टर के अतिरिक्त दूसरे सभी पोस्टर्स को ऑटोरिक्शा से उतार दिया जाएगा। इसके बारे में नगर निगम को भी सूचना दी जाएगी। साथ ही आर.एस.ओ. टीम और डी.एस.पी. ट्रैफिक के साथ मिलकर ऑटोरिक्शा और दूसरे वाहनों पर लगाए गई एल.ई.डी. लाइट को उतार दिया जाएगा, क्योंकि रात के समय सामने से आने वाले वाहनों को देखने में परेशानी होती है।

Scanned with CamScanner

रोहतक केसरी

SMS

There are only two ways to live your life. One is as though nothing is a miracle. The other is as though everything is a miracle.

MONDAY, 26 AUG 2019

ROHTAK KESARI

# पौधारोपण कर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



चुलियाना में पौधारोपण करते बच्चे।

रोहतक, 25 अगस्त (स.ह.): गांव चुलियाना में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए रविवार को पौधारोपण किया। इस मौके पर नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि आजकल देखने को मिल रहा है कि बड़े पढ़े-लिखे लोगों से ज्यादा छोटे-छोटे बच्चे पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिंतित हैं। बच्चों द्वारा गांव में कई जगह पर पौधारोपण किया जा चुका है, जिसकी रेख देख वह स्वयं ही करते हैं। आज इन्होंने गांव चुलियाना के जलघर में पौधारोपण किया और स्वयं ही इनकी देखभाल करने की प्रतिज्ञा की।

इस मौके पर नारायणी सेना चैरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सोमबीर शर्मा, विकास शर्मा, मंजीत और संजीत दुहन मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 27 अगस्त 2019

12 टेस्ट रैंकिंग टेबल टेनिस में छाई सुहाना



14 ऑनलाइन तबादला नीति का विरोध



# डेंगू मुक्त हरियाणा अभियान आज से

रोहतक। श्री नारायणी सेना चेरिटेबल ट्रस्ट मंगलवार से डेंगू मुक्त हरियाणा अभियान की शुरुआत करेगा। ट्रस्ट स्कूली बच्चों को अभियान में शामिल कर लोगों को जागरूक करेंगे। ट्रस्ट की सदस्य रूबिया भारती और अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि बरसात के में मौसम में डेंगू फैलाता है। ऐसे में वे लोगों को इससे बचने के तरीकों बारे जागरूक करेंगे। सोमबीर ने बताया कि फुल शर्ट पहनें, घरों के आसपास या घर के अंदर पानी को न ठहरने दें, कूलर, गमले, टायर आदि में खड़े पानी में कैरोसिन तेल डालें, जिससे मच्छर पनप ना पाये। समय समय पर कूलर को साफ करें। पानी की टंकियों को सही तरीके से ढकें।

Scanned with CamScanner

# रोहतक भास्कर

रोहतक | मंगलवार 27 अगस्त, 2019 dainikbhaskar.com


## नारायणी सेना आज से शुरू करेगी डेंगू मुक्त हरियाणा अभियान

**रोहतक |** श्री नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट मंगलवार से डेंगू मुक्त हरियाणा अभियान की शुरुआत करेगी। गांव व शहरों के स्कूलों के बच्चों के साथ गांव गली शहर जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। ट्रस्ट की सदस्य रूबिया भारती और अध्यक्ष सोमवीर शर्मा ने बताया कि बारिश में मौसम में डेंगू का असर फैल रहा है। इससे बचाव के लिए आज जनमानस को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लोगों को सफाई और बीमारी से बचास के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित लोगों को जिम्मेदारी सौंप दी है।

Scanned with CamScanner

# रोहतक केसरी

SMS
Motivation is what gets you started. Habit is what keeps you going.

TUESDAY, 27 AUG 2019 | तापमान अधिकतम 34° | न्यूनतम 27° | ROHTAK KESARI


# डेंगू मुक्त हरियाणा अभियान का आज होगा शुभारम्भ

## ■ गांव व शहरों में जाकर लोगों को किया जाएगा जागरूक

रोहतक, 26 अगस्त (स.ह.): नारायणी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से डेंगू मुक्त हरियाणा अभियान की शुरूआत मंगलवार से की जाएगी। गांव व शहरी क्षेत्र के स्कूली बच्चों के साथ-साथ गांव व शहर की गलियों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। ट्रस्ट की सदस्य रुबिया भारती और अध्यक्ष सोमबीर शर्मा ने बताया कि बारिश के मौसम में डेंगू का असर फैलता जा रहा है, जिसका हर उम्र के लोगों पर प्रभाव पड़ता है।

